खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 38°C
न्यूनतम : 22°C

मुरादाबाद, सोमवार 25 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 279 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 7 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



# ईद उल अजहा भाईचारे के साथ मनाएं: मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** मदरसा इस्लामिया अरबिया रहमानिया शेरकोट के मोहतमिम मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने प्रेस वार्ता में ईद उल अजहा पर्व को भाईचारे, साफ-सफाई और धार्मिक मर्यादाओं के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि ईद उल अजहा का त्योहार आगामी 28 मई को मनाया जाएगा।



## खुले में कुर्बानी न करने की अपील

मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने कहा कि ईद के दिन खुले में कुर्बानी न की जाए तथा कुर्बानी का गोश्त ढककर ले जाया जाए। कुर्बानी के अवशेषों को दफन किया जाए या पालिका की गाड़ी में डाला जाए, जिससे पालिका कर्मी उन्हें सुरक्षित स्थान पर दफन कर सकें। मौलाना कासमी ने लोगों से कुर्बानी के दौरान वीडियो न बनाने और जानवरों की फोटो या वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमवतनी भाइयों की भावनाओं का सम्मान करते हुए भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाया जाए। इस मौके पर उन्होंने मदारिस की सहायता की अपील करते हुए बताया कि बड़े जानवर पर प्रति हिस्सा 100 रुपए तथा बकरे पर 200 रुपए तआवुन रखा गया है। उन्होंने जानकारी दी कि मदरसा इस्लामिया अरबिया रहमानिया, मस्जिद इब्राहिमी में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 6:30 बजे अदा की जाएगी।

## एक नजर

### बंधन रंग महोत्सव कार्यक्रम



**धामपुर।** बंधन सांस्कृतिक सामाजिक समिति द्वारा बंधन रंग महोत्सव 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने गीत, नृत्य और फैशन शो में प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्थानीय एक मंडप में आयोजित कार्यक्रम में नटराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलित में पूर्व सांसद यशवंत सिंह, एसपी सलूजा, नितिन सैनी, धर्मेश सैनी, दिनेश अग्रवाल, नवीन, राकेश चौधरी, सुमित शर्मा आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में मुरादाबाद, काशीपुर, हरिद्वार, चंदौसी, नजीबाबाद, नगीना, बिजनौर, स्योहारा, अफजलगढ़ व धामपुर आदि के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

### हिंदू सुरक्षा सेवा संघ की मासिक बैठक



**नगीना।** हिंदू सुरक्षा सेवा संघ की मासिक बैठक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने धार्मिक व तीर्थ स्थलों पर लगातार बढ़ रही गंदगी पर गहरी चिंता व्यक्त की। पदाधिकारियों ने इस समस्या को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से ठोस कार्ययोजना तैयार की, ताकि तीर्थ स्थलों की पवित्रता और स्वच्छता को बनाए रखा जा सके। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र गहलौत ने संगठन के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने घोषणा की कि संघ ने आगामी 6 माह के भीतर एक हजार (1000) नए कार्यकर्ता बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसके लिए सदस्यता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संगठन में नए सिरे से ऊर्जा फूंकने के लिए बड़ा निर्णय भी लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सभी 18 नगर कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग करने का फैसला किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महामुक्ति संगठन उ.प्र. के अवधेश शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जिनमें मुख्य रूप से मनोज चौहान, टिंकू शर्मा, अंकुर गिरी, अमित यादव, सानू सैनी, नरेंद्र चौहान, उमेश चौहान (महिला जिलाध्यक्ष), हेमलता ठाकुर, राजवीर सिंह, देव चौधरी, शेखर लाठियान मौजूद रहे।

# राकेश टिकैत का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत आज देर शाम ग्राम लिंडरपुर में यूनियन के वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत शर्मा का हालचाल जाने उनके आवास पर पहुंचे। उसके बाद पीपला जागीर स्थित ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चंद्रपाल सिंह के यहां पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।



## सरकार की नीतियों का विरोध करने का आह्वान

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर स्तर पर संगठन को मजबूत करने की अपील की। उन्होंने मीडिया को बताया कि भारतीय किसान यूनियन किसानों व असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा खड़ी है। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि वर्तमान व्यवस्था किसानों की पंचायत पर रोक लगाना चाहती है। कल गाजियाबाद में यूनियन की होने वाली पंचायत को टालने के लिए पुलिस प्रशासन यूनियन के पदाधिकारियों के घरों पर जाकर दबाव बना रहा है। जबकि भाजपा के लोग अपनी सरकार में प्रदर्शन भी कर रहे हैं और विपक्ष का पुतला भी जल रहे है। सरकार के लोग विपक्ष के सासंदों के घरों पर महिलाओं को भेजकर प्रदर्शन कर रहड़ है। किसानों को खाद नहीं मिल रहा है। गन्ने की पैदावार पिछले सालों के मुकाबले कम हुई है। उन्होंने संगठन के लोगों से कहा कि एकजुट होकर सरकार की नीतियों का विरोध करें। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, उपाध्यक्ष मौहम्मद याकूब, जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़, शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, ठाकुर सुशील कुम, अभय चौधरी, कफील सैफी, रियाजुद्दीन, मौहम्मद अशफाक बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हादसे में कार सवार पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज तड़के डीसीएम ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर घायल हो गए। डायल 112 ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज तड़के लगभग तीन बजे हरिद्वार से बिलासपुर (रामपुर) जा रही कार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर मनोहरवाली (भूतपुरी) के निकट एक डीसीएम ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार चालक शाहवेज (40 वर्ष) पुत्र खुदाबख्श, ओमवती (55 वर्ष) पत्नी फूलचंद, प्रीति (25 वर्ष) पत्नी दिनेश, अतीक (35 वर्ष) पुत्र हबीब तथा राबिया (34 वर्ष) पत्नी अतीक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भिजवाया। अस्पताल में डा. मोहित कुमार, फार्मासिस्ट मनोज शर्मा एवं अन्य स्टाफ ने घायलों का उपचार किया। चिकित्सकों ने ओमवती और प्रीति की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक छविनाथ सिंह ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अस्थायी गोशाला का ताला तोड़कर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम जैनुल आबदीनपुर स्थित बंद पड़ी अस्थायी गोशाला का चोरों ने ताला तोड़कर बैटरी, इनवर्टर समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रशासनिक निर्देशों के बाद गांव की अस्थायी गोशाला में रखे गए पशुओं को समीपवर्ती छाछरी टीप और स्योहारा क्षेत्र की गोशालाओं में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके चलते गोशाला पिछले कुछ समय से बंद पड़ी थी। परिसर के एक कमरे में तैनात चौकीदार रह रहा था, लेकिन कुछ दिन पूर्व तबीयत खराब होने पर वह अपने घर चला गया।

इसी दौरान चोरों ने गोशाला परिसर में बने कमरे का ताला तोड़ दिया और वहां रखा इनवर्टर, बैटरी व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। ग्राम प्रधान हसन तुला ने बताया कि गोशाला पहुंचने पर कमरे का ताला टूटा मिला और सामान गायब था। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। घटना की जांच की जा रही है। बीडीओ सीपी पांडेय ने बताया कि बंद पड़ी गोशाला में चोरी की घटना गंभीर है। पुलिस को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# कच्चे मार्ग का दंश झेल रहे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक तरफ सरकार 'विकसित भारत' और गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने के बड़े-बड़े दावे कर रही है। वहीं नहटौर-मंडोरी लिंक मार्ग से फिरोजपुर तक जाने वाला सवा किलोमीटर का कच्चा रास्ता स्थानीय जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता का जीता-जागता प्रमाण है। दशकों से यह सड़क पक्की होने का इंतजार कर रही है, लेकिन नेताओं के वादों की धूल में यह मांग हर बार दब जाती है।



ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय वोट मांगने आने वाले जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे तो करते हैं, लेकिन जीतने के बाद वे इस रास्ते से गुजरना भी मुनासिब नहीं समझते। हरिओम सिंह, अंकित कुमार, राकेश कुमार, हरपाल सिंह, मुखराम सिंह, प्रदीप कुमार, मौहम्मद शादाब, शराफत अहमद और संजय कुमार जैसे ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने दर्जनों बार जन प्रतिनिधियों के दरवाजे खटखटाए, हर बार उन्हें केवल 'जल्द काम शुरू होने' का झूठा दिलासा दिया गया। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि अब उन्हें नेताओं के आश्वासनों पर तनिक भी विश्वास नहीं रहा है।

आधा दर्जन गांवों के हजारों लोग इस मार्ग के जरिए तहसील मुख्यालय और अन्य प्रमुख स्थानों तक जाते हैं। बरसात शुरू होते ही यह रास्ता एक 'मौत का जाल' बन जाता है। कीचड़, दलदल और जलभराव के चलते यह मार्ग यातायात के लिए पूरी तरह बंद हो जाता है।

ग्रामीणों का सवाल है कि क्या जनता सिर्फ वोट देने के लिए ही है? यदि क्षेत्र के विकास के लिए चुने गए प्रतिनिधि ही अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेंगे, तो आम आदमी अपनी फरियाद लेकर किसके पास जाए?

सवाल यह है कि आखिर कब तक यह आधा दर्जन गांवों की आबादी विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का दंश झेलती रहेगी? क्या प्रशासन अब भी नींद से जागेगा या फिर किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करेगा?

# हरकिशनपुर में मेले का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** ग्राम हरकिशनपुर स्थित तिखूंटी वाले बाबा के आश्रम पर आयोजित होने वाले 11 दिवसीय मेले के शुभारंभ से पूर्व आज सुबह जनकल्याण समिति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा में क्षेत्र पंचायत सदस्या प्रतिभा चौहान सहित करीब 251 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्या प्रतिभा चौहान ने फीता काटकर किया। कलश यात्रा तिखूंटी वाले बाबा के आश्रम से शुरू होकर गांव के प्रमुख मार्गों से निकली। यात्रा में शामिल महिलाएं सिर पर कलश रखकर पूरे गांव की परिक्रमा करती हुई पुन: आश्रम पहुंचीं, जहां विधि-विधान के साथ यात्रा का समापन हुआ। इसके बाद बाबा के आश्रम पर प्रतिवर्ष दशहरा के मौके पर आयोजित होने वाले 11 दिवसीय मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। 24 मई से 3 जून तक चलने वाले इस मेले में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों के साथ रात में रामलीला मंचन भी किया जाएगा। कलश यात्रा एवं मेले के शुभारंभ अवसर पर जनकल्याण समिति के अध्यक्ष ऋषिपाल सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्या प्रतिभा चौहान, बलराम सिंह, विजय सिंह, शैलेंद्र सिंह, परवीन सिंह, विनोद कुमार, बृजपाल, महिपाल सिंह, मनोज शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।



## एक नजर

### सजवा दिवस पर कीर्तन समागम



**चांदपुर।** गुरुद्वारा सिंह सभा द्वारा गुरु गोविंद सिंह के खालसा सजवा दिवस को समर्पित महान गुरमत कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। नगर के हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित कीर्तन में हजारों सिख संगत ने भाग लेकर गुरु नानकदेव व पवित्र ग्रंथ को नमन किया। इस पुनीत अवसर पर किसान नेता राकेश टिकैत ने भी कार्यक्रम में भाग लिया तथा दरबार में माथा टेका। कार्यक्रम में मनजिंदर सिंह सिरसा केंद्रीय उद्योग एवं पर्यावरण मंत्री ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा दरबार में माथा टेका। इस कार्यक्रम में सरदार अच्छन सिंह लोहिया व सिख संगत का विशेष योगदान रहा।

### किशोरी से बलात्कार का आरोप

**चांदपुर।** एक व्यक्ति ने अपनी भतीजी के साथ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम बीबीपुरा कस्बा बास्टा निवासी फरीद अहमद पुत्र नन्हें ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 23 मई की शाम लगभग पांच बजे जब वह अपने गांव के ही एक अन्य व्यक्ति के साथ चांदपुर आ रहा था, तभी उसे अपनी भतीजी शिफा पुत्री तसलीम, जिसकी आयु लगभग 14 वर्ष है के बारे में पता चला कि उसे विशाल पुत्र नामालूम निवासी ग्राम सुंदरा, थाना चांदपुर बहलाकर-फुसलाकर ग्राम हैजरपुर के पास ले गया जहां एक मिलने वाले के मकान में विशाल ने जबरन बलात्कार किया। पीड़ित के अनुसार गांव का ही अजीज भी साथ था। उसने अपनी भतीजी को पहचान लिया और अपने गांव वालों को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। मकान के बाहर पहरा दे रहे दो युवक भीड़ को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 305/2026 धारा 137(2), 65(1), 351(3) व 3/4 पोक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### बास्केटबॉल चैंपियनशिप 31 को

**बिजनौर।** बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि 16 वर्ष तक की बालिकाओं की बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 31 मई को किया जाएगा। संदीप शर्मा ने यह भी बताया कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए यह प्रतियोगिता शाम को तीन बजे से कराई जाएगी। प्रतियोगिता सेंट मेरिस स्कूल, नगीना-धामपुर रोड, नगीना में कराई जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जनपद के सभी स्कूलों को विस्तृत जानकारी का सर्कुलर स्कूल प्रबंधकों, प्राचार्यों एवं खेल प्रशिक्षकों को भेज दिया गया है, यह प्रतियोगिता नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में वे ही बालि. काएं खिलाड़ी भाग ले सकेंगी, जिनका जन्म 01 जनवरी 2010 को या उसके बाद हुआ होगा। एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि इसी चैंपियनशिप के आधार पर ही जून/जुलाई पीलीभीत में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश राज्य यूथ 16 वर्ष तक की बालिक. ाओं की चैंपियनशिप में बिजनौर डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम का चयन किया जाएगा। टीमें अपनी प्रविष्टि 25 मई की शाम 5 बजे तक सचिव योगेश्वर त्यागी को फोन नं. 9992026804 पर अपनी एंट्री करा दें।

### दो वांछित गिरफ्तार



**नहटौर।** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई आज थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार, नहटौर थाने में मुकदमा अपराध संख्या 167/2026 धारा 3(1) उ.प्र. गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत दर्ज किया गया था। इस मामले में तीन लोगों को नामजद किया गया था, जिनमें मौहम्मद मुनव्वर मिर्जा (पुत्र याकूब मिर्जा), दानिश अहमद (पुत्र नसीम अहमद) और सलीम अहमद (पुत्र निसार अहमद) शामिल थे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य रूप से मौहम्मद मुनव्वर मिर्जा और सलीम अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी मौहम्मद मुनव्वर मिर्जा का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ नहटौर थाने में विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# राहुल का बयान देश को अस्थिर करने वाली मानसिकता: भाजपा

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मोदी सरकार को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को देश को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन करार दिया है।

गौरतलब है कि गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहक. ार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदाई तय है और इसका कारण बढ़ती आर्थिक असंतोष होगी। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए त्रिवेदी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि श्री गांधी का बयान महज राजनीतिक हताशा की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि यह भारत को अस्थिर करने के खतरनाक मंसूबों वाली मानसिकता का सरेआम प्रदर्शन है। जब भी देश ने वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत की है, भारत की अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों पर पहुंची है और दुनिया ने भारत के नेतृत्व को सराहा है, तब-तब भारत-विरोधी अंतर्राष्ट्रीय ताकतों ने देश को बदनाम करने के अभियान चलाए हैं और कांग्रेस ने हमेशा उन्हें समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक चुनावों में गांधी की लगातार हार की वजह हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान नाममात्र की रैलियां करना, उसी समय आराम से विदेश यात्राओं पर निकल जाना और बिना किसी मेहनत के चुनाव जीतने के सपने देखना है। भाजपा नेता ने कहा कि अब, कांग्रेस 'अराजकता की राजनीति' पर उतर आई है। विदेशी धरती से भारत की संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करना, राष्ट्र-विरा. ेधी बातों को हवा देना और भारत में अस्थिरता की भविष्यवाणी करना ये महज संयोग नहीं हैं, बल्कि एक सोची-समझी 'टूलकिट पॉलिटिक्स' का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि देश के 1.4 अरब लोग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एकजुट होकर खड़े हैं। भारत की राष्ट्रवादी जनता कांग्रेस और 'टूलकिट गैंग' की हर साजशि का लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देती रहेगी और 'इंडिया गठबंधन' की भारत को आग में झोंकने की किसी भी साजशि को कभी कामयाब नहीं होने देगी।




# ईरान के पास कोई भी परमाणु हथियार नहीं: डा. इलाही

**वाराणसी, वार्ता**

■ सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि बोले: भारत के लोग न्याय और इंसाफ का सम्मान करने वाले

ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई के प्रतिनिधि डा. अब्दुल मजीद हकीम इलाही शनिवार रात दरगाहे फातमान में खामेनेई की याद में आयोजित ताजियती जलसा व मजलिसे तहरीम (शोक सभा) में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डा. इलाही ने कहा कि भारत के लोग न्याय और इंसाफ का सम्मान करने वाले हैं। वे हर मुश्किल घड़ी में सच के साथ खड़े रहते हैं।

भारत और ईरान का रिश्ता बहुत पुराना है। बनारस की मिसाल किसी नगीने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि तीस वर्ष पहले ही हम साफ कर चुके थे कि हमारे पास कोई न्यूक्लियर हथियार नहीं है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि हमें यह हथियार नहीं चाहिए। ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला अली खामेनेई ने फतवा भी दिया था, जिसमें उन्होंने न्यूक्लियर हथियार रखना हराम बताया है। हमारे पास कोई न्यूक्लियर बम नहीं है और भविष्य में इसे रखने का कोई विचार भी नहीं है। जब हमारे सर्वोच्च नेता ने फतवा दे दिया है, तो न्यूक्लियर हथियार बनाने का सवाल ही नहीं उठता।ष डा. इलाही काशी के इमानिया अरबी कॉलेज और दरगाह फातमान में आयोजित ताजियती जलसे में पहुंचे थे। उन्होंने ईरान का समर्थन देने के लिए भारतीयों को धन्यवाद दिया। आगे उन्होंने कहा कि ईरान की स्थिति अब पहले से बेहतर हो रही है। ईरान के लोग हालात से लड़ते हुए भी खुश हैं। उन्होंने जिस जज्बे और हिम्मत का प्रदर्शन किया है, उसे पूरी दुनिया ने देखा है। ईरान के लोग आश्वस्त हैं कि शांति एक दिन जरूर स्थापित होगी, क्योंकि हर नागरिक अपने देश के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। डा. इलाही ने हॉर्मुज स्ट्रेट को लेकर कहा कि 28 फरवरी 2026 के पहले तक हॉर्मुज स्ट्रेट हजारों वर्षो से खुला था। दुनिया के सभी देश इसका लाभ उठा रहे थे और किसी देश की कोई शिकायत नहीं थी। 28 फरवरी के बाद जो तनाव पैदा हुआ, उसके बारे में सभी को पता करना चाहिए कि यह संकट किसने और क्यों पैदा किया। ईरान ने कोई परेशानी नहीं पैदा की। ईरान सभी की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज मध्य पूर्व के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण जलडमरू है। उन्होंने कहा कि ईरान के लोग आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करते हुए मानसिक रूप से पहले से तैयार हैं और आने वाले दस वर्षो के लिए अपनी मानसिक स्थिति को और मजबूत कर चुके हैं। काशी के बारे में डा. इलाही ने कहा कि काशी सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता, एकता और दर्शन का केंद्र है। हमारे यहां से भी बच्चे काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में पढ़ने आते रहे हैं। भारत और ईरान का संबंध कोई नया नहीं, बल्कि हजारों वर्ष पुराना है।ष उन्होंने आगे कहा कि ईरान के लोग बहुत जल्द शांतिपूर्ण स्थिति की उम्मीद कर रहे हैं। वे अपनी स्वतंत्रता, अपनी भूमि और अपने देश के लिए खुद को बलिदान करने के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं।

# 20 करोड़ से अधिक का हाइड्रोपोनिक गांजा पकड़ा गया, दो तस्कर गिरफ्तार

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को राजस्व खुफिया निद. ेशालय (डीआरआई) और कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से करीब 20 किलो हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी शहनाज और यूसुफ के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स -215 से बैंकॉक से शाम करीब 5 बजे वाराणसी पहुंचे इन दोनों यात्रियों के सामान की जांच के दौरान संदिग्ध गति. विधियां दिखाई दीं। यात्रियों के चेहरे पर बेचैनी देखी गई।

CMYK

अधिकतम : 38° C
न्यूनतम : 22° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 25 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 279 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 7 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: योगी पेज 2



एमआई को हरा शान से प्ले ऑफ में पहुंची आरआर खेल टाइम्स



मीडिया: हमको आईना दिखाना है, दिखा देते हैं सम्पादकीय



ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध संबंधों के शक में युवक ने की पिता और पत्नी की हत्या

**बुलन्दशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलन्दशहर जनपद में अवैध संबंधों के शक में एक युवक द्वारा अपने पिता और पत्नी को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारे पुत्र को हिरासत में ले लेकर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार अपराह्न साढ़े बारह बजे खुर्जा नगर क्षेत्र के गांव कलंदरगढ़ी निवासी मुबीन नामक व्यक्ति ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से अपनी पत्नी सना और पिता रियाजुद्दीन को गोली मार दी। पिता रियाजुद्दीन की दो गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी सना को पुलिस ने खुर्जा स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

### चिलचिलाती धूप में पीआरडी जवान की मौत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश में आसमान से बरसती आग और भीषण हीटवेव ने अब जान लेना शुरू कर दिया है। मुरादाबाद में रविवार को चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के बीच ड्यूटी पर तैनात एक प्रांतीय रक्षा दल (पीआरडी) जवान की मौत हो गई। मुरादाबाद ब्लॉक निवासी 45 वर्षीय पीआरडी जवान किशन स्वरूप सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मधुबनी चौराहे पर सुबह 6 बजे से यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। दोपहर के समय प्रचंड गर्मी के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां ईएमओ डा. जुनैद खान के नेतृत्व में चिकित्सकों ने सीपीआर देकर उन्हें बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन जवान को बचाया नहीं जा सका।

### नोएडा में एक परिवार पर हमला महिला की मौत

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा के फेस-वन थाना क्षेत्र के सेक्टर-5 में शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां छत पर सो रहे एक परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। हमले में परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान संजू देवी की मौत हो गई, जबकि सुरेंद्र शर्मा और उनकी दोनों बेटियों का इलाज जारी है। डाक्टरों के मुताबिक तीनों की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है।

### आतंकी ठिकाने को किया नेस्तनाबूद, विस्फोटक बरामद

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने कश्मीर में बारामूला जिले में एक आतंकवादी ठिकाने को नष्ट कर वहां से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। सूत्रों ने बताया कि बारामूला पुलिस ने शनिवार को शहर के चंदूसा के निलसार कंडी इलाके में संयुक्त आतंकवाद-विरोधी अभियान में इस ठिकाने को नेस्तनाबूद कर दिया।

# विदेश मंत्री जयशंकर की डोनाल्ड ट्रम्प को दो टूक

## कहा: अमेरिका अपने हितों से प्रेरित, तो भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों से बंधा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को बेहद मजबूत तथा राष्ट्रीय हितों से प्रेरित बताते हुए कहा है कि दोनों देश आतंकवाद जैसी समान चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भी अच्छे और मजबूत संबंध हैं तथा इस चुनौतीपूर्ण स्थिति में वह संतुलन बनाते हुए सभी के साथ संबंधों को महत्व देता है। श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि



- दोनों देश आतंकवाद जैसी समान चुनौतियों का सामना कर रहे : एस. जयशंकर
- भारत के इजरायल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भी अच्छे और मजबूत संबंध

ऊर्जा आपूर्ति के मामले में भारत सस्ते और भरोसेमंद ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देता है। भारत यात्रा पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ रविवार को द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच राजनीतिक समझ के संदर्भ में एक रणनीतिक साझेदारी है, जो कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय हितों की समानता पर आधारित है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने अपनी विदेश नीति के दृष्टिकोण को 'अमेरिका फर्स्ट' के रूप में बहुत स्पष्टता से सामने रखा है। वहीं जहां तक भारत का संबंध है, हमारा दृष्टिकोण 'इंडिया फर्स्ट' का है। इसलिए हम दोनों स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं।

### अमेरिका से 47 हजार अरब से अधिक का सामान खरीदेगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा को दुनिया की राजनीति में एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। दक्षिण एशिया मामलों के जानकार माइकल कुगेलमैन ने इस दौरे को बेहद खास बताया है। उन्होंने कहा कि रुबियो का क्वाड बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आना यह साफ दिखाता है कि ट्रम्प सरकार इस संगठन को लेकर गंभीर है और इसे आगे बढ़ाना चाहती है। कुगेलमैन ने बातचीत में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिए यह एक बड़ा मौका है। बहुत दिनों के बाद मार्को रुबियो जैसा कोई बड़ा अमेरिकी अधिकारी भारत आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दौरे के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद इस साल के अंत में होने वाली बड़ी बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आ सकते हैं। कुगेलमैन के मुताबिक, मार्को रुबियो ने भारत को इस पूरे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा और अमेरिका के साथ दोस्ती का सबसे मजबूत स्तंभ बताया है। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में अमेरिकी सरकार भारत को और ज्यादा मजबूत करने के लिए क्या नए कदम उठाती है। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अपनी टीम की तारीफ की।

### भारत के नए 'टॉप गन' तैयार, 48 हफ्ते का प्रशिक्षण पूरा

**बेंगलुरु।** रक्षा विमानन जगत की किसी रोमांचक कहानी जैसे माहौल के बीच भारत ने चुपचाप अपने अगली पीढ़ी के विशिष्ट परीक्षण पायलटों और फ्लाइट टेस्ट इंजीनियरों को तैयार कर लिया है। यही वे अधिकारी हैं जो भविष्य के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और एयरोस्पेस प्रणालियों के वास्तविक प्रदर्शन का आकलन करेंगे। बेंगलुरु स्थित एयर फोर्स टेस्ट पायलट स्कूल में भारतीय वायुसेना, थल सेना और नौसेना के 17 अधिकारियों ने 48 सप्ताह का अत्यंत कठिन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया।

# अमेरिका में 15 हजार भारतीयों की छंटनी, नई जॉब नहीं मिलेगी

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका में** 15 हजार भारतीय टेक कर्मियों की नौकरी जाने के बाद उनके सामने संकट खड़ा हो गया है। अब उनपर डिपोर्टेशन का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल, ये सभी एच-1बी वीजा पर अमेरिका गए थे, लेकिन छंटनी के बाद इनके पास नई नौकरी ढूंढ़ने व वीजा स्टेटस बचाने के लिए सीमित समय बचा है।

नियमों के तहत नौकरी जाने के बाद इन्हें 60 दिनों में नई नौकरी खोजनी होगी। इस दौरान नया एम्प्लायर या स्पॉन्सर नहीं मिला, तो अमेरिका छोड़ना पड़ेगा। बीते दिनों मेटा, अमेजन और ओरेकल जैसी बड़ी टेक कंपनियों में करीब 50 हजार लोगों की छंटनी और रिस्ट्रक्चरिंग हुई है। इनमें 15 हजार से ज्यादा भारतीय हैं। पहले नौकरी जाने पर टेक कर्मियों को जल्दी नया मौका मिलता था, पर अब इंटरव्यू लंबा खिंच रहा है। कंपनियां




वीजा स्पॉन्सर करने से बच रही हैं और ट्रम्प की नई नीतियों के चलते उनके पास वीजा कोटा भी कम है। ट्रम्प प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन नीति ने भी डर को बढ़ाया है। छोटी गलती, दस्तावेजों की कमी या वीजा नियमों में चूक भी खतरा बन रही है। अब नौकरी जाने पर उसी सेक्टर और उसी स्तर व सैलरी ब्रैकेट की नौकरी मिलनी चाहिए। यानी सॉफ्टवेयर इंजीनियर होटल में शेफ बनकर एच-1बी स्टेटस नहीं बचा सकता। अब कंपनी को भी ज्यादा दस्तावेज देने पड़ रहे हैं। उन्हें बताना पड़ रहा है कि इस पद के लिए अमेरिकी क्यों नहीं मिला। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीन कार्ड प्रक्रिया सख्त कर दी है। आवेदक को अपने देश जाकर आवेदन करना होगा। अभी अमेरिका में रहते हुए 'एडजस्टमेंट आफ स्टेटस' से ग्रीन कार्ड मिलता था। एच-1बी जैसे अस्थायी वीजा पर काम कर रहे भारतीयों पर बड़ा असर पड़ेगा। 5 साल में 49.97 लाख ग्रीन कार्ड जारी। इनमें 29.32 लाख अमेरिका में रहते हुए व 20.63 लाख होम कंट्री में रहते हुए आवेदन करने वालों को मिले। 2014 से 2023 के बीच कुल 7.26 लाख भारतीयों को ग्रीन कार्ड मिला। नई नीति में भारत जाकर कांसुलेट से प्रक्रिया करनी पड़ेगी।

- एच-1बी वीजा पर भारतीय गए थे अमेरिका, ट्रम्प के सख्त नियम से बना डिपोर्ट होने का खतरा

### भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी पर अमेरिकी विदेश मंत्री निराश

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणियों और भेदभाव के सवाल पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान पूरे अमेरिकी समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते। नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में रुबियो से अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लवाद की घटनाओं पर सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ बेवकूफ लोग होते हैं, जो ऑनलाइन या फिर सरेआम आपत्तिजनक बातें करते हैं, लेकिन इससे किसी देश की असली पहचान तय नहीं होती।

# बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास आत्मघाती हमला, 24 की मौत

## 82 लोग घायल, जाफर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को एक आत्मघाती हमले में 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 82 घायल हैं। यह हादसा एक रेलवे ट्रैक के नजदीक हुआ, जिसके चपेट में जाफर एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन क्वेटा कैंट की ओर जा रही थी। विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई।

फायर ब्रिगेड, पुलिस, रेस्क्यू टीम और सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के असर से आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। बलूचिस्तान सरकार के गृह मामलों के विशेष सहायक बाबर



- धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास लगी आग आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूटे

यूसुफजई ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की। फिलहाल किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे आतंकवादी हमला मानकर जांच कर रही हैं। जाफर एक्सप्रेस पाकिस्तान रेलवे की एक लंबी दूरी की प्रमुख पैसेंजर ट्रेन है। यह ट्रेन बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा को पाकिस्तान के बड़े शहरों से जोड़ती है। यह बलूचिस्तान समेत कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरती है।

# बंगाल के फालता में पहली बार जीती भाजपा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की फालता सीट पर रविवार को आए चुनावी नतीजे में भाजपा को जीत मिली। बीजेपी उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

उन्हें 1.49 लाख से ज्यादा वोट मिले। सीपीआईएम के उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी 40 हजार वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं चुनाव से पीछे हटने वाले टीएमसी के जहांगीर चौथे नंबर पर रहे। फालता में 74 साल के इतिहास में भाजपा ने पहली बार जीत हासिल की है। 1952 से 2006 तक यह कांग्रेस और सीपीआईएम का गढ़ था। 2011 के बाद लगातार तीन बार टीएमसी जीती थी। फालता में जीत के साथ भाजपा की बंगाल में कुल सीटें 208 हो गईं हैं।

- सीपीआई-एम कैंडिडेट को एक लाख वोटों से हराया

# कर्नाटक में नीट छात्रा ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कलबुर्गी में 18 साल की नीट छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की पहचान भाग्यश्री के रूप में हुई है। उसने नीट-पीजी की परीक्षा दी थी। पुलिस के मुताबिक, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

छात्रा के पिता राजशेखर ने बताया कि परिवार में किसी तरह की परेशानी नहीं थी और बेटी पढ़ाई में काफी अच्छी थी। भाग्यश्री ने हाल ही में 12वीं परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और नीट परीक्षा भी अच्छी गई थी।

- 12 दिनों में 5 छात्रों ने जान दी
- राहुल बोले- धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक चैन से नहीं बैठेंगे

नीट-पीजी परीक्षा देश भर में 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि, पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने दोबारा परीक्षा 21 जून को कराने की घोषणा की है। परीक्षा रद्द होने के बाद पिछले 12 दिनों में 5 स्टूडेंट्स जान दे चुके हैं। इधर, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जब तक धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा नहीं होता और नीट जैसे पेपर लीक रोकने के लिए फूलप्रूफ सिस्टम नहीं बनता, हम चैन से नहीं बैठेंगे। 13 मई को गोवा के मडगांव में एक लड़के ने सुसाइड कर लिया था। उसने नीट परीक्षा दी थी। सुसाइड नोट में उसने लिखा था कि वह अब कॉम्पिटिशन एग्जाम में हिस्सा नहीं लेना चाहता।

# यूपी के छह शहरों में 48 डिग्री तापमान

**नई दिल्ली।** दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में रविवार को भारत के 97 शहर शामिल हैं। एक प्राइवेट एजेंसी के मुताबिक टॉप 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी के 6 शहर हैं, जहां दोपहर 2 बजे 48 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इनमें प्रयागराज सबसे ऊपर रहा। यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तराखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र के 37 शहरों में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 26 और 27 मई को तापमान और बढ़ सकता है। इससे पहले शनिवार को महाराष्ट्र का ब्रह्मपुरी 47.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विभाग ने तेलंगाना के हैदराबाद, रंगारेड्डी, करीमनगर, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, मुलुगु, महबूबनगर में 26 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ धाम के पास रविवार सुबह

- विश्व के 100 सबसे गर्म शहरों में 97 भारत के



कंचन गंगा में ग्लेशियर टूट गया। कुबेर पर्वत की तरफ से अचानक सफेद धूल और बर्फ का बड़ा गुबार उठता दिखा। इसके बाद पत्थर और मलबा तेजी से नीचे आता नजर आया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। राहत की बात यह रही कि मलबा सड़क या आबादी वाले हिस्से तक नहीं पहुंचा। प्रशासन के अनुसार, चारधाम यात्रा, बद्रीनाथ हाईवे और स्थानीय जनजीवन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

# कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को दावा किया कि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिल गया है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर लिखा कि हम वापस आ गए हैं, तुम भूल गए थे कि हम जिंदा रहने के लिए क्या कर सकते हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कॉकरोच की इमेज भी शेयर की। इससे पहले शनिवार को उन्होंने दावा किया था कि उनकी पार्टी और पर्सनल अकाउंट को हैक किया गया है। वहीं, दीपके ने रविवार को एक्स पर फॉलोअर्स डेटा शेयर कर बताया कि उनके




- फाउंडर ने फॉलोअर्स का डेटा शेयर कर पूछा- इनमें 94 प्रतिशत भारतीय, रिजिजू इन्हें पाकिस्तानी क्यों बता रहे

94 फीसदी से ज्यादा फॉलोअर्स भारत से हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से सवाल किया कि भारतीय युवाओं को पाकिस्तानी क्यों कहा जा रहा है। दरअसल, रिजिजू ने एक्स पर बिना किसी का नाम लिखे पोस्ट कर लिखा था कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर पाकिस्तान और जॉर्ज सोरोस गिरोह से फॉलोअर्स जुटाते हैं, जबकि भारत में ही पर्याप्त युवा मौजूद हैं। भारत-विरोधी गिरोह से मदद लेने की कोई जरूरत नहीं है। इससे पहले शनिवार को अभिजीत ने बताया था कि उनकी पार्टी की वेबसाइट बंद कर दी गई है। दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा था कि सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। हालांकि यह वेबसाइट अभी बंद है। इसे खोलने पर 'दिस साइट कान्ट बी रीच्ड' का मैसेज फ्लैश हो रहा है। अकाउंट के हैक होने के बाद भी इंस्टाग्राम पर कॉकरोच जनता पार्टी के फॉलोअर्स लगातार बढ़े। रविवार दोपहर तक यह आंकड़ा 2.27 करोड़ पहुंच गया है। वहीं एक्स पर फाउंडर अभिजीत के ही अकेले 2.18 लाख से ज्यादा फॉलोअर हो गए हैं।

CMYK

# जनता इण्टर कालेज ऑकू, बिजनौर

पंत्राक: /विज्ञप्ति/11/2026-2027 दिनांक:- 23.05.2026

**-: विज्ञप्ति :-**

अपर मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या-2058/15-05-2021-1600(359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 25 नवम्बर, 2021 द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में लिपिक श्रेणी/शिक्षोणत्तर पदों (समूह-ग) पर चयन हेतु चयन प्रक्रिया में आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र निम्नवत शर्तों एवं प्रतिबंधों एवं पात्रताओं के आधार पर विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 14 जून 2026 सायं 05:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन करने वाले अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन पत्र विद्यालय के उपरोक्त नाम एवं पते पर मात्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया जायेगा तथा उसकी छायाप्रति जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के ई-मेल bijnordios@gmail.comपर भी प्रेषित किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| पदों की संख्या-01 | आरक्षण-एक पद अनारक्षित | संस्था में मात्र रजिस्टर्ड डाक से आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि-14-06-2026 सायं 05:00 बजे तक होगी। |

**आवेदन हेतु पात्रता:-**

उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा सम्पन्न करायी गयी अपरोक्त प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। (PET स्कोर से तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की घोषित वैध स्कोर से है।)

**आवेदन की प्रक्रिया:-**

:-प्रश्नगत चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन निम्न प्रक्रिया के अनुसार आमंत्रित किया जायेगा।

:-आयु सीमा प्रश्नगत विज्ञापन में अभ्यर्थी की आयु चयन वर्ष 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

:-नोट उ.प्र. के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति , अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ऐसे अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा में राज्य सरकार द्वारा प्रदन नियमानुसार छूट अनुमन्य होगी। कार्मिक अनुभाग-2 के शासनदेश अनुभाग-2 के शासनादेश सं-22/21/1983-कार्मिक-2, दिनांक 28 नवम्बर 1985 के अनुसार वर्गीकृत खेलों के कुशल खिलाड़ियों को अधिकतम आयु में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। भूतपूर्व सैनिकों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट अनूमान्य होगी। समाज के दिव्यांगजनों को उ.प्र. सरकार के अद्यतन, नवीनतम विद्यमान कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश सं-18/01/2008-का-2-2008, दिनांक 03 फरवरी 2008 के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

**आवेदन शुल्क:-**

:-अनारक्षित (सामान्य) अन्य पिछड़ा वर्ग- 750.00 आवेदन शुल्क।

:-अनुसूचित जाति/जनजाति/ई.डब्लू.एस- 500.00 आवेदन शुल्क।

:(नोट आवेदन शुल्क बैंक डाफ्ट/पोस्टल आर्डर एवं एन.ई.एफ.टी के माध्यम से सम्बन्धित संस्था के प्रबन्धक के पदनाम से पंजाब नेशनल बैंक नहटौर में संचालित खाता सं-07752010004630, IFSC CODE-PUNB0077510 में जमा किया जायेगा।

**पद का वेतनमान व अन्य भत्ते:-**

सहायक लिपिक पद हेतु न्यूनतम पे.बैड-5200-20200, ग्रेड पे-2000, सांतवें वेतन आयोग के अनुसार एवं अन्य देय भत्ते अनुमन्य होंगे।

**चयन हेतु शैक्षिक अर्हता:-**

1-माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।

2-माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. के साथ-साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रुप में कम्प्यूटर साइन्स विषय को लिया गया हो अथवा कम्प्यूटर संचालन का डोएस/निलिट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्थर का प्रमाण पत्र। अथवा कम्प्यूटर साइन्स में डिप्लोमा/डिग्री अथवा कम्प्यूटर में उच्च योग्यता धारी यथा कम्प्यूटर में डिप्लोमा, डिग्री, पी.जी.डी.सी.ए, बी.सी.ए, एम.सी.एम, तथा ग्रेजुएशन अथवा उच्च डिग्री (बी.ए, बी.एस.सी, बी.टेक, एम.एस.सी, एम.बी.ए) में कम्प्यूटर के रुप में अथवा एक सेमेस्टर में कम्प्यूटर कोर्स धारित।

3- कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट होगी।

**चयन प्रक्रिया:-**

शासनादेश संख्या 2058/15-05-2022-1600(359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5, लखनऊ दिनांक 25 नवम्बर 2021, शासनादेश संख्या-1152/15-05-2021-1600(359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 04 जुलाई 2022 एवं सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या परिषद-9/762 दिनांक 06.01.2022 के माध्यम से सर्वसाधारण की जानकारी हेतु विज्ञापित में निहित प्राविधानानुसार चयन प्रक्रिया के अनुसार चयन किया जायेगा।

**टंकण परीक्षा:-**

1- टंकण परीक्षा कम्प्यूटर पर करायी जायेगी। जिस हेतु आवेदन करने वाले अर्ह अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में सर्वाधिक पर्सेन्टाइल स्कोर प्राप्त करने वाले प्रथम 10 अभ्यर्थियों की चयन समिति के माध्यम से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित होगी। जिसकी सूचना रजिस्टर्ड डाक से संस्था प्रबंधक (नियोक्ताधिकारी) द्वारा टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि से 15 दिवस पूर्व अभ्यर्थियों को प्रेषित की जायेगी।

2- टंकण परीक्षा क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों की (PET) में प्राप्त स्कोर के आधार पर मेरिट सूची के आधार पर तैयार होगी, तथा 01 पद के सापेक्ष अधिकतम 03 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार चयन समिति द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। जिसकी सूचना चयन समिति के अध्यक्ष के द्वारा पृथक से अभ्यर्थी को रजिस्टर्ड डाक द्वारा दी जायेगी।

3- चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों के (PET) परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी, मेरिट सूची में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाला अभ्यर्थी चयनित किया जायेगा।

4- चयन के उपरान्त चयनित अभ्यर्थी के सम्बन्ध में वित्तीय अनुमन्यता सक्षम अधिकारी के स्तर से प्रदान किये जाने के उपरान्त नियुक्ति पत्र नियोक्ता संस्था प्रबंधक (चयन समिति के अध्यक्ष) द्वारा रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया जायेगा।

**अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेश:-**

1- एक से अधिक आरक्षित श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केवल एक छूट, जो अधिक लाभकारी होगी, अनुमन्य होगी।

2-भूतपूर्व सैनिक तथा विकलांगजन उ.प्र. शासन द्वारा अद्यावधिक निर्धारित प्रारुप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पर अपना दावा प्रस्तुत करेंगे अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा किया गया दावा स्वीकार नहीं होगा।

3- ऐसे अभ्यर्थी जो शारीरिक रुप से विकलांग होने का दावा करते है, उन्हें यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके द्वारा उतदर्थ आवेदन के साथ प्रस्तुत प्रमाणपत्र किसी सक्षम अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र में अभ्यर्थी की विकलांगता का प्रतिशत स्पष्ट रुप से उल्लिखित हो।

4- ऐसे पुरुष अभ्यर्थी जो विवाहित है तथा जिनकी एक से अधिक जीवित पत्नियां है अथवा ऐसे महिला अभ्यर्थी जिनसे ऐसे पुरुष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक जीवित पत्नी है, पात्र नहीं माने जायेंगे।

5- आवेदन स्वीकार किये जाने की अंतिम तिथि तक ही अभ्यर्थियों द्वारा धारित अर्हता स्वीकार की जायेगी। आवेदन की अंतिम तिथि के बाद ग्रहण की गयी योग्यता/अर्हता हेतु मान्य नहीं होगी।

6- किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों के जिनके प्रमाण पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती, देने पर प्रश्नगत चयन से प्रतिवारित किया जा सकता है।

7-हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्मतिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।

8- आवेदन के साथ विवरण प्रारुप संलग्न है साथ ही विद्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

9- विद्यालय की ई-मेल आईडी-mahkarsingh9548073416@gmail.com ।

**जनता इण्टर कालेज ऑकू, बिजनौर अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में लिपिक भर्ती हेतु आवेदन पत्र:-**

स्वप्रमाणित नवनीतम फोटो अनिवार्य रूप से चस्पा करें।

1: आवेदित संस्था का नाम..........................................................................

2: अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम.....................................................................

3: पिता/पति का नाम...................................................................................

4: माता का नाम..........................................................................................

5: जन्म तिथि.............................जन्मतिथि शब्दों.........................................

6: लिंग-महिला.....................................................पुरुष:..........................................

7: वर्ग-सामान्य:...........पिछड़ावर्ग:..........अनुसूचित जाति:...........अनुसूचित जनजाति:..................

8: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-हॉं................................/नहीं...........................................

9: क्या आप विवाहित है-हॉं................................................./नहीं.......................................

10: क्या आप उत्तर प्रदेश के निवासी है-हॉं........................................../नहीं...............................

11: गृह राज्य का नाम:................................................................................................

12: स्थायी पता.............................................................................................................

13: अस्थायी पता/पत्र व्यवहार का पता..............................................................................

14: मोबाईल नम्बर.................................................व्हाट्सएप नम्बर.....................................

15: ईमेल आई.डी. .........................................................................................................

16: क्या आप उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन किसी विभाग में कार्यरत है:- हॉं........../नहीं...................

यदि हॉं, तो विभाग का नाम:..........................................................................................

पद नाम..................................................................................................................

नियुक्ति तिथि.........................................................कुल सेवा अवधि............................................

17: दिव्यांग श्रेणी:- हॉं................................................/नहीं..........................................

18: शैक्षिक योग्यता:-

| क्र.सं. | योग्यता | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | |
| 4 | परास्नातक | | | | | |
| 5 | अन्य | | | | | |

19: अन्य अधिमानी अर्हता:..........................................................................................

20: उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा आयोजित PET परीक्षा का विवरण-

पंजीकरण............................................................ अनुक्रमांक संख्या.......................................

नॉर्मलाइजेशन स्कोर.......................................... पर्सेन्टाइल स्कोर.........................................

21: कम्प्यूटर संचालन का डीओईसीसी/एनआईईएलआईटी द्वारा सी.सी.सी प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र का विवरण.....................................................

22: कम्प्यूटर टंकण की गति हिन्दी भाषा में 25 व अंग्रेजी भाषा में 30 शब्द/मिनट है अथवा नहीं :-

23: रु. 750.00 एवं रु. 500.00 (आरक्षित समूह के अनुसार) के बैंक ड्राट/पोस्टल आर्डर/एन.ई.एफ.टी का विवरण.......................................................................................................................

24: घोषणा-

1. मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापन के अनुसार/शासनादेशों से सम्बन्धित सभी नियम व शर्ते पढ़ ली है और मैं इसे स्वीकार करता/करती हूं।

2. मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन में की गयी सभी प्रविष्टियां/ विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है, यदि उक्त आवेदन में कोई तथ्य गोपन किये गये है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा। नियमानुसार मेरे खिलाफ कार्यवाही करायी जा सकती है।

3. मेरे द्वारा कोई भी तथ्य गोपन किया गया हो, जो चयन से पहले चयन हो जाने के बाद नियुक्ति प्राधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के समक्ष आता है तो मेरा अभ्यर्थन/नियुक्ति निरस्त कर दी जाये एवं मुझे प्राप्त राजकीय कोष से वेतन तत्काल भूराजस्व की भांति विभाग/राजकीय कोष को वापस कर दिया जाये, मुझे स्वीकार होगा। इस सम्बन्ध में मेरे द्वारा न तो कोई आपत्ति की जायेगी और न ही किसी न्यायालय में वाद दाखिल किया जायेगा।

नोट:- उक्त समस्त प्रमाण पत्रों की स्व.प्रमाणित छाया प्रति संलग्न की जाये।

दिनांक:-.................................................

आवेदनकर्ता का हस्ताक्षर

अभ्यर्थी का नाम..................................

स्थायी पता..........................................

## एक नजर

### गुलदार ने कुत्ते को निवाला बनाया

**कालागढ़।** पुरानी कॉलोनी, ग्राम पंचायत इस्लाम नगर में बीती रात करीब दस बजे कॉलोनीवासी अपने घरों के बाहर बैठे बातें कर रहे थे, तभी अचानक कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने देखा गुलदार ने कुत्ते को दबोच लिया है। भीड़ ने पत्थर बरसा कर कुत्ते को छुड़ाया। गुलदार से छुटते ही कुत्ता संजय यादव आवास में घुस गया, जहां लहुलहान कुत्ते ने दम तोड़ दिया। मकान स्वामी द्वारा कुत्ते का शव दफना दिया गया।

### सघन चैकिंग अभियान चलाया



**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व में वर्क चार्ज कॉलोनी नेपाली बस्ती में संघन चैकिंग व तलाशी की गई। इस दौरान नंदकिशोर रूवाली वन क्षेत्राधिकारी कालागढ़, वन दरोगा सरत सिंह बिष्ट व सोहन सिंह पटवाल, प्रदीप सिंह, बब्लू सिंह, राहुल सिंह रावत, रितेश कण्डपाल, ललित मोहन चंद्र, जगमोहन सिंह रावत, वन आरक्षी कालागढ़ रेंज व श्यामलाल उपराजिक, वाकर रजा, वन दरा. ेगा, फूल सिंह, वन दरोगा, गौरव कुमार, विकास कुमार, मनोज कुमार व नदीम अमानगढ़ रेंज सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### आरजू प्रजापति बनी डिप्टी मैनेजर



**धामपुर।** मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी वरिष्ठ पत्रकार दिनेश प्रजापति की पुत्री आरजू प्रजापति ने अपनी मेहनत, लगन और कार्यकुशलता के दम पर एक नई उपलब्धि हासिल की है। कोटक महिन्द्रा बैंक की नोएडा शाखा में असिस्टेंट मैनेजर पद पर कार्यरत आरजू प्रजापति को पदोन्नति देकर डिप्टी मैनेजर बनाया गया है। उनकी इस सफलता से परिवार, मित्रों और नगरवासियों में खुशी का माहौल है। आरजू प्रजापति वरिष्ठ पत्रकार दिनेश कुमार प्रजापति की पुत्री हैं, जो विभिन्न न्यूज चैनलों से जुड़े हुए हैं। परिवार में चार भाई-बहनों में आरजू ने अपनी मेहनत और अनुशासन से अलग पहचान बनाई है। बताया जाता है कि बैंकिंग क्षेत्र में उन्होंने अपने कार्य के प्रति ईमानदारी, जिम्मेदारी और बेहतर प्रदर्शन के चलते अधिकारियों का विश्वास जीता, जिसके बाद उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। आरजू की सफलता को लेकर नगर के लोगों ने इसे धामपुर की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है। नगर के लोगों का कहना है कि छोटे शहरों की बेटियां भी आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और अपने परिवार के साथ-साथ नगर का नाम भी रोशन कर रही हैं। आरजू प्रजापति की पदोन्नति की खबर सामने आने के बाद उन्हें शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। रिश्तेदारों, मित्रों, पत्रकारों और सामाजिक लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गर्मी से युवक की मौत



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी मौहम्मद रजी अंसारी के पुत्र अब्दुल्ला (16 वर्ष) को गर्मी की वजह से सिर में तेज दर्द होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर युवक की तबीयत बिगड़ते देख कर डाक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। उसके जनाजे की नमाज सुबह अदा की गई। परिजनों ने बताया कि गर्मी की वजह से उसके सिर में दर्द शुरु हुआ था। जनाजे में सपा विधायक राम अवतार सैनी, वरिष्ठ सपा नेता हाजी जियाउद्दीन अंसारी, सरफराज सिद्दीकी, जमील अहमद एड., डा. अनीस अहमद अंसारी, नईम अहमद एड., समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

### किसान को सांप ने डसा



**नूरपुर।** ग्राम खटाई निवासी किसान सुरेश कुमार (45 वर्ष) को आज दोपहर खेत पर पानी देते समय सांप ने डस लिया। उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार सुरेश की हालात फिलहाल ठीक है।

### एसएम असलम बने प्रेस क्लब अध्यक्ष



**अफजलगढ़।** आज दोपहर स्थानीय डाक बंगले पर आयोजित हुई आदर्श प्रेस क्लब की बैठक में पत्रकारों द्वारा सर्वसम्मति से एसएम असलम को पुनः आदर्श प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना गयां पत्रकारों ने संगठन के प्रति उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हीं के नेतृत्व में काम करने पर सहमति जताई। इस दौरान संगठन के चुनाव में शाहिद अली एड., वरिष्ठ उपाध्यक्ष/कानूनी सलाहकार, आदित्य शर्मा उपाध्यक्ष, सरदार विक्रम सिंह कोषाध्यक्ष, सुभाष तोमर महासचिव, डा. एएच साबरी संगठन सचिव, सुखचौन सिंह सचिव/ऑडिटर, गौरव गुप्ता सचिव, फिरोज बेग प्रचार सचिव, वेदपाल सिंह कार्यालय सचिव व राजेंद्र सिंह कार्यकारणी सदस्य चुने गए। इस दौरान जयपाल सिंह चौहान व शमसुद्दीन को संगठन की सदस्यता प्रदान की गई। बैठक में तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई इसके बाद हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाने का प्रस्ताव पास हुआ।

# नर गुलदार का शव बरामद

## आपसी संघर्ष में बाघ के हमला करने की आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** कोर्बेट टाइगर रिजर्व में गश्त के दौरान फाटो पूर्वी बीट कं.सं. 47 में बाउंड्री पिलर सं. 07 के समीप नर गुलदार का शव मिला। इसकी सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों का दूरभाष द्वारा दी गई।

सूचना पाकर डा. दुष्यंत शर्मा, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी, कार्बेट टाइगर रिजर्व तथा डा. राहुल सती वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, पश्चिमी वृत्त हल्द्वानी के पैनल गठित कर मृत नर गुलदार का पोस्टमार्टम कराया गया। नर गुलदार की उम्र लगभग दो वर्ष बताई जा रही है। उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ अमित कुमार ग्वासीकोटी की उपस्थिति में नर गुलदार के शव का पोस्टमार्टम शिकारीकुआ वन परिसर में किया गया। पोस्टमार्टम में नर गुलदार के मृत्यु का कारण आपसी संर्घष के दौरान बाघ द्वारा हमला किया जाना पाया गया। नर गुलदार के सभी अंग पूरी तरह सुरक्षित पाए गए। घटना स्थल के आस पास संघन काम्बिंग कराई गई। जिसमें किसी भी प्रकार की आसामान्य अथवा संदिग्ध गतिविधि, सामाग्री नहीं पाई गई। कार्यवाही के दौरान अमित कुमार ग्वासीकोटी उपप्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़, दीपक कुमार तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी झिरना, राहुल पण्डाग्रे, प्रतिनिधि विश्व प्रकृति निधि सहित तरूण कुमार, वन दरोगा, दयाल सिंह बिष्ट, वन आरक्षी, धनीराम जदली, वन आरक्षी एवं झिरना रेंज के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। पोस्टमार्टम उपरांत समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए शव का मौका पंचनामा तैयार कर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष शव को मानक प्रक्रिया के अनुरूप मृत नर गुलदार के सभी अंगों सहित शव को मौके पर ही विधिवत जलाकर नष्ट कर दिया गया।

# युवती से दुष्कर्म का आरोप

## आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ कथित दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 14/15 मई की रात उनकी पुत्री घर के घेर में पशु को देखने के लिए गई थी। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने कथित तौर पर युवती को जबरन पकड़ लिया और उसकी इच्छा के विरुद्ध गलत कार्य किया। शिकायत के मुताबिक युवती द्वारा शोर मचाने पर परिजन मौके की ओर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी कथित रूप से वहां से भाग गया। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि आरोपी ने घटना से संबंधित वीडियो होने का दावा करते हुए उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने और परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़िता के परिजनों ने युवती की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में चिकित्सीय परीक्षण कराने की मांग भी की गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल मृदुल कुमार का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील प्रकृति के इस मामले को लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा बनी हुई है, जबकि पुलिस मामले में साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# एमपी बख्शी ने नगर की मूल समस्याओं के समाधान को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



## विद्युत आपूर्ति 24 घंटे करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** बिजली कटौती व अन्य मूलभूत जनसुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी उ. प्र. प्रभारी मौहम्मद परवेज उर्फ एमपी बख्शी ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर जनहित से जुड़े मुद्दों के त्वरित समाधान की मांग उठाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहम्मद परवेज उर्फ एमपी बख्शी ने ज्ञापन में कहा कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व सूचना के हो रही अघोषित और अनियमित बिजली कटौती ने व्यापार, किसानों और आम जनजीवन को गहरे संकट में डाल दिया है।

भीषण गर्मी में बिजली संकट के कारण स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल आपूर्ति और छोटे व्यापारियों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिससे आम लोगों में भारी रोष व्याप्त है। एमपी बख्शी ने प्रशासन से बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार कर 24 घंटे सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने नगर में मूलभूत सुविधाओं की कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में नगर के मुख्य चौराहों, सार्वजनिक स्थानों और बस स्टैंड पर ठंडे पेयजल की व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश और यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। उन्होंने कहा गया कि तेज धूप और भीषण गर्मी में राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों तथा बाजार आने वाले लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, जबकि शेरकोट बस स्टैंड पर समुचित प्रकाश व्यवस्था का अभाव यात्रियों की परेशानी बढ़ा रहा है। उन्होंने नेशनल हाईवे स्थित चुंगी नंबर-5 और राम सहाय वाली चुंगी पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय बनाए जाने की मांग करते हुए कहा कि रोजाना बड़ी संख्या में लोग धूप और गर्मी में खुले आसमान के नीचे खड़े होकर अपने गंतव्य के लिए वाहनों का इंतजार करने को मजबूर हैं,ओर प्रशासन से जनहित के इन गंभीर मुद्दों पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई की अपील की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री तथा ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग को भी भेजी गई है।

# सांसद चंद्रशेखर ने वृद्धावस्था पेंशन नियमों पर उठाए सवाल



## सरकार से आदेश वापस लेने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़े नए नियमों को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने पोस्ट में सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा जारी संशोधित आदेश के कारण गरीब और असहाय बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने अपने पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना गरीब और जरूरतमंद बुजुर्गों के सहारे के लिए बनाई गई थी, लेकिन नए प्रावधानों ने इसे बुजुर्गों के लिए परेशानी का कारण बना दिया है। उन्होंने दावा किया कि 14 मार्च 2026 को जारी संशोधित शासनादेश के तहत वृद्धावस्था पेंशन के लिए आधार कार्ड को जन्म और आयु प्रमाण के रूप में मान्यता नहीं दी जा रही है, जिसके चलते बुजुर्गों से परिवार रजिस्टर की प्रति या शैक्षिक प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।

सांसद के अनुसार, इस प्रक्रिया के कारण लाखों बुजुर्ग समाज कल्याण विभाग और सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कई बुजुर्ग चलने-फिरने में असमर्थ हैं, इसके बावजूद उन्हें दस्तावेजों के लिए परेशान किया जा रहा है। सांसद ने इसे बुजुर्गों के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

अपने पोस्ट में सांसद ने उत्तर प्रदेश सरकार से इस आदेश को वापस लेने, आधार कार्ड को आयु प्रमाण के रूप में मान्यता देने और रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन को बिना देरी जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पेंशन कोई एहसान नहीं, बल्कि बुजुर्गों का अधिकार है।

सांसद के इस बयान के बाद यह मुद्दा राजनीतिक और सामा. जिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, सरकार या संबंधित विभाग की ओर से इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# थाने के बाहर मारपीट और हंगामे में आठ आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला मिल्कियान में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने शनिवार को उस समय बड़ा रूप ले लिया। जब दोनों पक्ष शिकायत लेकर स्योहारा थाने पहुंचे। थाने के ठीक सामने दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और जमकर गाली-गलौज लात-घूंसे व मारपीट हुई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया तथा कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक शिवा नैन की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा यातायात बाधित करने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरो. पियों में रोहित पुत्र धनपाल, सौरभ पुत्र रिक्कू, राजा पुत्र भारत सिंह, नवीन पुत्र रामपाल, आकाश पुत्र ललित उर्फ रवि, शुभम पुत्र पप्पू, रोकी पुत्र मनोहर सिंह तथा गौरव पुत्र मनोज निवासी मौहल्ला मिल्कियान वाल्मीकि बस्ती कस्बा शामिल हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के अनुसार कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक समयपाल सिंह, हेड कांस्टेबल भुजपाल सिंह, हेड कांस्टेबल नवीन जोशी, कांस्टेबल अमजद, कांस्टेबल प्रदीप कुमार तथा कांस्टेबल अंकुश सिरोही शामिल रहे।

# हत्या के मामले में दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के गांव बेरखेड़ा में महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव अनवरपुर चंडिका निवासी सतवीर सिंह द्वारा थाना में तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि गांव बेरखेड़ा निवासी कुछ लोगों ने उसकी बहन के साथ मारपीट करते हुए उसकी हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे आरोपी जोगेंद्र पुत्र हीरा सिंह तथा धर्मेंद्र पुत्र हीरा सिंह निवासी ग्राम बेरखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद अग्रिम कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है तथा अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल मनोज, हेड कांस्टेबल सरित तथा कांस्टेबल विपिन शामिल रहे।

# इंजीनियर मणि खन्ना सम्मानित



**बिजनौर।** केबिनेट मंत्री MSME भूपेंद्र चौधरी के उद्योग मंत्री बनने के पश्चात मुरादाबाद प्रथम आगमन पर इंजीनियर मणि खन्ना महामंत्री लघु उद्योग भारती को सम्मानित किया गया। इंजी. मणि खन्ना द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य, जिसमें नए उद्योग को स्थापित करने एवं युवा पीढ़ी को सहयोग करना शामिल है। जिससे युवा पीढ़ी नए उद्योग सुचारू रूप से स्थापित कर सके। जिससे युवा पीढ़ी को रोजगार मिल सके।

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री निशा मेरा व परिवार वालों का कहना नहीं मानती है। मेरे व परिवार वालों के समझाने के बावजूद सुनवा नहीं है। निशा 18 मई 2026 को मुझे व परिवार वालों को बताये बिना अपनी मर्जी से कहीं चली गई है। उसकी हरकतों से तंग आकार मैंने व मेरे परिवार वालों ने उससे ताल्लुक वास्ता खत्म कर लिया है और मैंने उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**सीताराम पुत्र स्व. रतिराम ग्राम मौजमपुर हरबंश उर्फ रहमापुर, थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के यहां मौ. आबिद अली पुत्र मौ. अब्दुल गफ्फार व शामा जहां पत्नी मौ. आबिद अली, निवासी ग्राम शिवाला कलां, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर ने एक प्लाट नं. 5 जो 135.11 वर्ग गज स्थित खसरा नं. 634 ग्राम शिवाला, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर में स्थित है को ओम प्रकाश पुत्र शोभा सिंह निवासी ग्राम शिवाला, तहसील चांदपुर, जनपद बिजनौर से खरीदने के लिए ऋण आवेदन किया है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, बैंक, वित्तीय संस्था या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर निम्न पते पर सम्पर्क सूत्र पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लि. के यहां श्रीमती अफसाना खातून पत्नी मुश्ताक अली निवासी ग्राम जाजरू, तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा ने अपने भवन निर्मित 220.45 वर्ग मी. स्थित खसरा नं. 22/1 ग्राम जाजरू, तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। जिसे मुश्ताक अली पुत्र अब्दुल रशीद ने वही सं. 1, जिल्द सं. 478, पृष्ठ 161/176, क्रमांक 2508 दिनांक 22.04.2026 को दान किया था। उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी, बैंक, वित्तीय संस्था या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो, तो 7 दिन के भीतर निम्न पते पर सम्पर्क सूत्र पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

# अवैध खनन पर पुलिस की सख्ती



## खनन माफियाओं में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में लगातार चल रहे अवैध मिट्टी खनन पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर खनन कार्य बंद करा दिया।

पुलिस की कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। क्षेत्र में लंबे समय से मिट्टी खनन का खेल खुलेआम चल रहा था। खनन माफिया दिन-रात धरती का सीना चीरते हुए अवैध तरीके से मिट्टी निकालकर मोटा मुनाफा कमा रहे थे। लोगों का कहना है कि खनन माफिया इतने बेखौफ हो चुके हैं कि उन्हें कानून का कोई डर दिखाई नहीं देता। कार्रवाई होने के बाद कुछ दिन तक काम बंद रहता है लेकिन फिर वही खेल दोबारा शुरू हो जाता है। लगातार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और मशीनों के जरिए मिट्टी उठाने का काम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि आखिर किसकी शह पर खनन माफिया लगातार सक्रिय हैं और क्यों बार-बार कार्रवाई के बावजूद उनके हौसले बुलंद बने हुए हैं। अवैध खनन से जहां सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं खेतों और रास्तों को भी भारी क्षति पहुंच रही है। कई जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से हादसों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चल रहे खनन कार्य को तुरंत बंद कराया। पुलिस की सख्ती देखकर मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस टीम ने खनन में इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों और संबंधित लोगों की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक लगातार क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सक्रिय नजर आ रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि थाना प्रभारी के सख्त रवैये के चलते अवैध कार्यों पर लगाम लगाने की कोशिश लगातार की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने साफ कहा कि क्षेत्र में किसी भी हालत में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# रेलवे लाइन विस्तारीकरण को महंत ने लिखा पीएम को पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर अधिवक्ता व समाजसेवी चौरविराज चाहल द्वारा चलाया जा रहे जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत तहसील क्षेत्र के गांव कल्याणपुर के माँ ललिता मंदिर के महंत राम औतार पुरी महाराज द्वारा प्रधानमंत्री को एक पत्र मेल कर रेल बजट मंजूर किये जाने की मांग की। इस दौरान मंदिर के महंत रामोतार पुरी जी ने कहा कि संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग दश्को पुरानी है। रेल लाइन की सुविधा सही न होने के कारण संभल क्षेत्र का ठीक से विकास नहीं हो पा रहा है। संभल में श्री कल्कि भक्तों का आना-जाना लगा रहता है रेल की सही सुविधा न होने के कारण भारी परेशान का सामना करना पड़ता है। आगे बोलते हुए भोले सिंह त्यागी ने कहा कि संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारिकारण की मांग जनहित की मांग है। संभल के उद्योग धंधे ठीक से विकसित नहीं हो पा रहे हैं। युवा रोजगार की तलाश में दूसरे शहरों में पलायन कर रहे हैं।चौधरी रविराज चाहल ने कहा कि संभल गजरौला रेल लाइन विस्तारीकरण की मांग को लेकर हमारे द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत महंत जी ने माननीय प्रधानमंत्री जी को पत्र मेल कर रेल बजट मंजूर किये जाने की मांग की है। जब तक हमारी मांग पूर्ण नहीं हो जाती जागरूकता अभियान जारी रहेगा।धीरज चौधरी ने कहा कि इस जनहित की मांग पर मान्य प्रधानमंत्री को अवश्य विचार करना चाहिए। ताकि यह मांग पूर्ण हो सके। इस दौरान भोले सिंह त्यागी, नरेश सैनी, भगवान सिंह जाटव, आयुषी सागर, प्रवीण यादव, विजयपाल त्यागी, पुष्पेंद्र विजेंद्र शर्मा, तराना जहाँ आई रहे।

**०दशकों से चली आ रही है मांग, पूर्ववर्ती सरकार में बजट में दी थी मंजूरी**



सम्भल। गजरौला तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण को प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखते मंदिर के महंत।

# आधा दर्जन खेतों से केबल व स्टॉटर चोरी

**०चोरी से ग्रामीणों में रोष ०पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग ० ग्रामीणों ने जल्द खुलासे की मांग ०उपकरण चोरी से किसानों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** थाना हयातनगर क्षेत्र में चोरों ने किसानों के खेतों को निशाना बनाया। चोर आधा दर्जन खेतों से केबल स्टॉटर चोरी कर फरार हो गए। सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को चोरी की जानकारी हो सकी।

हयात नगर थाना क्षेत्र में शनिवार की रात्रि फत्तेहपुर उत्तमा और अल्लीपुर खुर्द के जंगल में अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन से अधिक किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए स्टार्टर और केबिल चोरी कर ली। सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को चोरी की जानकारी होने पर हड़कंप मच गया। जबकि चोरी से ग्रामीणों में रोष फैल गया। ग्राम अल्लीपुर खुर्द निवासी हरिश्चंद्र ने बताया कि शनिवार शाम वह अपने नलकूप पर स्टार्टर और केबिल छोड़कर घर चले गए थे। रविवार सुबह खेत पर पहुंचे तो नलकूप से स्टॉर्टर और केबिल गायब मिले। आसपास के अन्य किसानों के नलकूपों से भी सामान चोरी होने की जानकारी मिली। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से किसान परेशान हैं। खेतों में लगे बिजली उपकरण चोरी होने से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और किसानों को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और जल्द चोरों का खुलासा करने की मांग की है। थाना हयातनगर प्रभारी संजीव कुमार बालियान ने बताया कि चोरी की अभी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई हैं। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# राजघाट गंगाघाट पर जुटेंगे लाखों श्रद्धालु

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आज राजघाट गंगा घाट पर लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। जिला व तहसील प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के दावे किए हैं।

आला अधिकारी भी घाट का दौरा कर अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश दे चुके हैं।लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि नाविकों को लाइफ जैकेट, रस्सी, टयूब समेत पूरी सुरक्षा किट के साथ ही नाव चलाने की अनुमति दी जाए। बिना किट के नाव संचालन पर रोक लगे। जाम से निपटने की तैयारी-गंगा दशहरा पर भीषण जाम की स्थिति बनती है। इससे निपटने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल, रूट डायवर्जन और पार्किंग के तगड़े इंतजाम किए जाएं। बैरिकेडिंग और निगरानी-घाट पर बैरिकेडिंग कर श्रृद्वालुओं को गहराई वाले खतरनाक स्थानों में स्नान करने से रोका जाए। गोताखोर, पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें तैनात रहें।श्रृद्वालुओं ने मांग की है कि प्रशासन इस बार सिर्फ कागजी खानापूर्ति न करे, बल्कि जमीनी स्तर पर ऐसी व्यवस्था करे ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और पर्व सकुशल संपन्न हो सके। बबराला थानाधयक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि घाट पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।पुलिस जवान घाट पर मौजूद रहेंगे।नाव के साथ नाविक भी मुस्तेद रहेंगे।

# गंगा जी के धरती पर अवतरण का दिन है गंगा दशहरा

**बबराला ( शाह टाइम्स, संवाददाता )।** हिंदू धर्म में गंगा दशहरा को एक अत्यंत पवित्र और श्रद्धा से मनाया जाने वाला पर्व माना जाता है। यह दिन मां गंगा के धरती पर अवतरण का प्रतीक है, जिसे आध्यात्मिक शुद्धि और पापों से मुक्ति का अवसर माना जाता है। हर वर्ष ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व पर गंगा स्नान और दान का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने और दान-पुण्य करने से व्यक्ति को अनेक प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है और जीवन में पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

**गंगा दशहरा का महत्वः- बबराला।** पंडित सत्यम मिश्रा ने बताया कि गंगा दशहरा के दिन स्नान को अत्यंत पवित्र और फलदायी माना गया है। इस अवसर पर दशविध स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति के सभी प्रकार के पापों का नाश हो जाता है। इसमें शरीर से किए गए तीन प्रकार के पाप, वाणी से जुड़े चार प्रकार के पाप और मन से किए गए तीन प्रकार के पाप शामिल माने जाते हैं। इस तरह गंगा दशहरा का स्नान आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का एक महत्वपूर्ण माध्यम माना गया है।

# दशहरा के साथ सूर्यदेव करेंगे रोहिणी में प्रवेश प्रारम्भ

**०तेज गर्म हवाएं ओर असहनीय तापमान देखने को मिल सकता है**

**बबराला( अनिरूद्ध शर्मा )।** इस साल नौतपा 25 मई से शुरू होकर 2 जून तक रहेगा। लगभग 9 दिनों तक चलने वाली इस अवधि में भीषण गर्मी पड़ने की संभावनाएं हैं। वहीं ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति बता रही है कि इस दौरान कई स्थानों पर तेज गर्म हवाएं और असहनीय तापमान देखने को मिल सकता है।पंडित उमाकान्त शर्मा ने बताया कि 25 मई से 2 जून तक नौतपा का प्रभाव रहने वाला है।शास्त्र के अनुसार यह अवधि वर्ष के सबसे अधिक गर्म और प्रभावशाली दिनों में गिनी जाती हैं। मान्यता है कि, जब सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तब नौतपा की शुरुआत होती हैं। इस दौरान सूर्य का तेज और अग्नि तत्व अत्यधिक सक्रिय हो जाता है, जिसका सीधा असर पृथ्वी और मौसम पर देखने को मिलता है। कहा जाता है कि, नौतपा के दिनों में सूर्य की किरणें अधिक प्रखर होकर धरती पर पड़ती हैं, जिससे तापमान तेजी से बढ़ने लगता है। यही वजह है कि इस समय भीषण गर्मी और तेज लू का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, नौतपा के दिनों में किन कार्यों को करना चाहिए।

## नौतपा ज्योतिष कारण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** पंडित उमाकान्त शर्मा बताया कि ज्योतिषियों के अनुसार, जब सूर्य देव वृषभ राशि में स्थित होकर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तब धरती पर अग्नि तत्व का प्रभाव बढ़ने लगता है। दरअसल, रोहिणी नक्षत्र का स्वामी चन्द्रमा है, जो शीतलता के कारक है। जबकि सूर्य अग्नि के कारक ग्रह माने जाते हैं। ऐसे में अग्नि और ताप का यह संयोग वातावरण में तीव्र गर्मी पैदा करता है। इसका खास असर देश-दुनिया पर नजर आता है। मान्यता है कि, नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें अधिक तीक्ष्ण हो जाती हैं और उनका प्रभाव सीधे पृथ्वी पर पड़ता है। यही कारण है कि इन दिनों तापमान अचानक बढ़ने लगता है, लू चलती है और प्रकृति तपने लगती है।

## नौतपा और सूर्यदेव की उपासना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** शास्त्रों के अनुसार, नौतपा के दौरान प्रतिदिन तांबे के लोटे से सूर्य को जल अर्पित करें। इस दौरान जल में लाल फूल, रोली या अक्षत डालकर अर्ध्य देने से सूर्य की कृपा प्राप्त होती हैं। साथ ही घृणि सूर्याय नमः मंत्र का जाप करने से आत्मबल और ऊर्जा में वृद्धि होती है।

## गंगा दशहरा पर्व पर घाटों पर सुरक्षा के इंतेजाम

**सम्भल/गवा। ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** रजपुरा ब्लॉक क्षेत्र के टी प्वाइंट स्थित सिसौना गंगा घाट एवं श्रीहरि बाबा बांध धाम गंगा घाट पर दशहरा के पावन पर्व सोमवार को तड़के से ही दोनों घाटों पर लगभग एक लाख से अधिक श्रृद्वालु गंगा स्नान करने का अनुमान है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के खड़े इंतजाम किये गए हैं किसी भी प्रकार को असुविधा न हो अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए हैं।

# जिलाधिकारी आवास पर हुआ जनगणना के प्रथम चरण मकान गणना का कार्य

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अन्तर्गत प्रदेश भर में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। इस अभियान के तहत प्रगणक एवं सुपरवाइजर घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण एवं गणना कार्य कर रहे हैं।

इसी क्रम में आज रेलवे स्टेशन रोड, बहजोई स्थित जिलाधिकारी आवास पर प्रगणक ब्रजलाल, प्रवक्ता बहजोई इण्टर कॉलेज बहजोई एवं जिला प्रभारी जनगणना अनिल कुमार मौर्य द्वारा मकान गणना का कार्य सम्पन्न कराया गया। इस दौरान जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने मकान गणना से संबंधित आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई तथा जनगणना कार्य की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि जनपद सम्भल में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के स्रूल संचालन हेतु कुल 4080 प्रगणक एवं 680 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। ये सभी कार्मिक दिनांक 22 मई से 20 जून 2026 तक घर-घर जाकर सूचनाएं एकत्रित करेंगे।

# दो बच्चों को छोड़कर महिला आभूषण लेकर फरार

**०पति ने बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का लगाया आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** थाना हजरत नगर गढ़ी के ग्राम निवासी व्यक्ति ने थाना कटघर निवासी युवक पर पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम रहटौल निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी पत्नी आभूषण लेकर बिना बातए दो बच्चों को छोड़कर चली गई है। महिला के पति ने जनपद मुरादाबाद के थाना कटघर के खरमपुर निवासी गौरव पर पत्नी को बहला-फुसनाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्व मुकदमा दर्ल कर लिया है। जिसकी जॉच उपनिरीक्षक जनित कुमार को सौंपी गयी है। दूसरी घटना थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम कासमपुर की है। जहाँ थाना बनियाठेर के ग्रामवासी ने गांव के ही व्यक्तियों पर लाठी डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थाना बनियाठेर के ग्राम ताहरपुर निवासी जागेन्द्र पुत्र महावीर ने गॉव के ही अमरजीत पुत्र करन सिंह पर थाना गढ़ी क्षेत्र के ग्राम कासमपुर पर गंदी-गदी गालियां देने, लाठी डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अमरजीत पुत्र करन सिंह व दानवीर पुत्र अमरजीत के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसकी जॉच उपनिरीक्षक जसवंत सिंह को सौंपी गयी है।

# उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सम्भल का आज करेंगे भ्रमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का जनपद सम्भल भ्रमण कार्यक्रम आज रहेंगा।

उप मुख्यमंत्री सोमवार (आज)अपराह्न 12 बजे ग्राम व विकास खण्ड असमोली जनपद सम्भल में पंचायत सचिवालय का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। जबकि अपराह्न 12:30 बजे भाजपा कार्यालय सम्भल में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। अपराह्न 1:15 बजे उप मुख्यमंत्री सरकार द्वारा चलायी जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। जिसमें जिला अस्पताल,यमघण्ट तीर्थ के निर्माण कार्य तथा सिंदूर वाटिका का निरीक्षण करेंगे। उपमुख्यमंत्री अपराह्न 2:50 बजे तहसील सभागार सम्भल में सरकार द्वारा चलायी जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे।



सम्भल- उड़ान ग्रुप द्वारा लोकगीत कार्यशाला को सम्बोधित करती।

# हिजामं के प्रदशाध्यक्ष को मातृ शोक

**०अनूपशहर गंगाघाट पर पंचतत्व में विलीन**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा की शत वर्षीय माता जी का निधन लंबी बीमारी के चलते नगर के हसीना बेगम अस्पताल में हुआ। शर्मा परिवार, हिंदू जागृति मंच परिवार एवं नगर समाज में शोक की लहर दौड़ गई।

पिछले 8 दिन से हसीना बेगम अस्पताल में आईसीयू में रहने के बाद शनिवार प्रातः काल उन्होंने अंतिम सांस पूरी की कमला देवी शर्मा के निधान होने पर उनके निवास दुर्गा कॉलोनी में समाज के अनेक लोग अंतिम दर्शन के लिए उमड़े। गाजे, बाजे के साथ चली शव यात्रा देर शाम अनूपशहर में गंगा तट पर पहुंची जहां स्वर्गीय कमला देवी शर्मा का विधि विधान से अंत्येष्टि संस्कार किया गया। उनके पुत्र एवं हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने मुखाग्नि देकर सदैव के लिए अपनी मां को अश्रु पूर्ण विदाई दी।

हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बताया कि कल (आज) 25 मई सोमवार को अपराहन 2रू00 बजे से मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में श्रृद्वांजलि समारोह/तीजा कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें अनेक धार्मिक, साहित्यिक, सामाजिक संगठनों के साथ-साथ सामान्य और विशिष्ट जनों की उपस्थिति रहेगी। बताते चलें कि हिंदूवादी नेता के रूप में समाज हित समर्पित अजय कुमार शर्मा गत लंबे समय से समाज सेवा में रत रहकर वर्तमान में हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष, इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष, गायत्री परिवार, आर्य समाज, केमिस्ट एसोसिएशन, ज्ञानदीप सेवा समिति जैसे अनेक संगठनों का संचालन कर रहे हैं।

# शक्ति केन्द्रों पर संगठन ही सेवा का दिलाया संकल्प

**०भाजपा की संगठन को ओर मजबूती को शक्ति केन्द्रों पर बैठक**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी चुनाव से पूर्व संगठन को ओर धार देनी शुरू कर दी है। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को विभिन्न शक्ति केन्द्रों पर बैठक आयोजित कर संगठन ही सेवा संगठन ही शक्ति का संकल्प दिलाया गया।

हयातनगर क्षेत्र के विभिन्न शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठकों का आयोजन किया गया। हयातनगर अंतर्गत शक्ति केंद्र मनोकामना, लाडम सराय एवं लाडम सराय पर आयोजित बैठक में मंडल प्रभारी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अर्जुन वाल्मीकि ने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में तथा बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। जिला उपाध्यक्ष अर्जुन वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता का आधार है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक एवं नामित सभासद उत्तर प्रदेश सरकार सय्यद शान अली, सुमित श्याम, खुर्शीदा बेगम सहित सभी बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।



सम्भल- हयात नगर मंडल में भाजपा के शक्ति केन्द्र पर कार्यकर्ताओं को टिप्स देते।

# महातपा के आठवें दिन सूर्य नारायण की पूजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के निर्देशन में शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित कैम्प कार्यालय पंजू सराय स्थित योगेश्वर गोरक्षनाथ महातपा के 46 वें दस दिवसीय महोत्सव के आठवें दिन भगवान श्रीगोरखनाथ जी व सूर्य नारायण की पूजा अर्चना कर यथायोग्य दान सामग्री सूर्यदेव को समर्पित करके यज्ञ.योग अठरादेव अठराक्षरी जाप वृह्ममांड वंदना कर भारत राष्ट्र समृद्वि श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय को प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की भक्त पहचान नही पाता है कि प्रभु मेरे लिए आये है जबकि प्रभु अपने भक्तो को कष्ट कलेशो और अकाल योगो बचाने हेतू समष्टि और व्यष्टि रुप में उसके जीवन काल कम से कम तीन बार तो अवश्य ही आ जाते हैं।

# लोक कलाओं का ज्ञान जरूरी:ममता राजपूत

**०बबराला में लोकगीत कार्यशाला का हुआ आयोजन**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** संगीत नाटक अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के द्वारा लोकगीत कार्यशाला का आयोजन उड़ान अकादमी पर किया जा रहा है यह लोकगीत कार्यशाला ग्रीष्मकालीन कार्यशालाएं हैं जो प्रत्येक वर्ष 75 जिलों में आयोजित की जाती है। जिला सम्भल के बबराला में लोकगीत कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें महिलाएं और बच्चियां बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं एंव हमारे लोकगीतों को और बच्चों को भी सीखने में आगे प्रेरित कर रहे हैं। प्रतिदिन महिलाएं लोकगीत का प्रशिक्षण लेती भी है और बच्चों को देती हैं।

उड़ान ग्रुप संचालिका ममता राजपूत ने कहा कि लोक कलाएं हमारे बीच में से छुटती जा रही है हमारे बाबा हमारी अम्मा और हमारी दादी और शुभ विवाहों पर और शुभ अवसर पर गाने वाले उन लोक गीतों का प्रचलन जैसे कि खत्म ही हो चुका था लेकिन संगीत नाटक अकादमी के द्वारा इस तरीके की कार्यशालाओं का आयोजन करने की सरहाना सभी कर रहे हैं कि इस तरीके की कार्यशालाएं प्रत्येक जिले में होती रहनी चाहिए ताकि हमारे आने वाली पीढ़ी उन लोक कलाओं से जुड़ी रहे और उन कलाओं को आगे प्रमोट करती रहें। इस अवसर पर ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में नीतू प्रभा शशि प्रभा सरिता सिंह खुशी वर्मा सुमित्र रिया पिंकी मिस्टी सुलेखा वार्ष्णेय इस पूरे कार्यक्रम के संयोजन करने के लिए उड़ान ग्रुप संचालिका डक्र ममता राजपूत ने इस प्रशिक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा लोकगीत कलाकारों को जोड़ा एवं प्रशिक्षण भी देने का कार्य किया।

# अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान नहीं तो होगा बड़ा आन्दोलन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भाकियू बीआरएसएस की बैठक में किसान जमकर बरसे। किसानों ने जन-जागरण अभियान के तहत बैठक में गन्ना बकाया भुगातान, स्मार्ट मीटर और बिजली कटौती तथा भृष्टाचार और आवारा पशुओं से फसलों की बर्बादी आदि मामलों पर जमकर आवाज उठायी। बैठक में समाधान न होने पर बड़े आछलने की चेतावनी भी दी गई।

खंड विकास असमोली क्षेत्र के ग्राम हरथला में आयोजित भारत राष्ट्रीय सेवक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि जब तक किसान एजुट नहीं होगा तब तक उनकी समस्याओं का कोई समाधान असम्भव है। उन्होने किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए तहसील और ब्लॉक स्तर पर नवीन कार्यकारिणी का गठन कर किसानों को संगठन से अधिक से अधिक जोड़ने को सदस्यता अभियान चलाने की घोषणा की। उन्होने कहा कि किसानों को आय और जाति प्रमाण पत्र बनवाने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि वारिसान दर्ज कराने में भृष्टाचार करने के आरोप लगाकर गहरी नाराजी व्यक्त की। बैठक में किसानों ने भी बिना रियवत के आम लोगों के कार्य नहीं होने के आरोप लगाये। इसके अलावा गन्ना भुगतान पर भी गहरा रोष प्रकट किया गया। बैठक में किसानों ने गन्ने का बकाया भुगतान में देरी पर चिंता प्रकट की जबकि बिजली की लगातार की जा रही कटौती और स्मार्ट मीटरों में हो रही गड़बढ़ियों पर भी अनेको सवाल खड़े किए। किसानों का कहना था कि खेती पूरी तरह से बिजली आपूर्ति पर निर्भर है मगर बिजली विभाग की लापरवाही बिजली आपूर्ति पूरी नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते किसानों को भारी नुक्सान हो रहा है। बैठक में आवारा पशुओं द्वारा फसलों के किये जा रहे नुक्सान पर गहरा रोष जताया जबकि कथित भृष्टाचार को बड़ी समस्या बताते हुए खाद और बीज पर काला बाज़ारी करने के आरोप लगाकर किसानों को मंगहे दामों पनर खाद और बीज खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके अलावा क्षेत्रम ेंफैल रहे रहस्मयी बुखार व रेलवे लाइन के विस्तारीकरण पर भी चर्चा करते हुए चिंता जतायी गयी। किसानों से स्वास्थ्य विभ्श्राग पर प्रभावी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की। साथ ही सम्भल से गजरौला तक रेलवे लाइन के विस्तारीकरण का कार्य अविलम्ब कराने की मांग किसानों ने सभी समस्याओं का निराकरण को प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता करने और जल्द ही समाधान न होने पर बड़ा आन्दोलन करने को मजबूर होने की चेतावनी दी। इस मौके पर ओमकार सिंह, मेंहदी हसन, सुफियान पाशा, रामवीर सिंह, महेन्द्र सिंह, सतीश कुमार,, राजपाल सिंह, विमल सिंह, अजहर हुसैन, और पप्पू सिंह आदि मौजूद रहे।




सम्भल-ग्राम हरथल में बैठक करते भाकियू बीआरएसएस के किसान।

# घरेलू गैस से लोहा काटते कारीगर का फोटो वायरल

शाहे टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल/गवॉ।** नगर में लगातार हो रहे गैस के संकट मंडराने की स्थिति सामान्य नहीं हुई है इस दौरान लोगों को घरेलू सिलेंडर समय पर्याप्त नहीं हो रहे दूसरी ओर लोहे की कटिंग में घरेलू एलपीजी सिलेंडर से लोहा काटते हुए कारीगर का फोटो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे विभागीय अफसरों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि कटिंग व टॉर्च के दबाव और अत्यधिक तापमान के संपर्क में आने पर इसके फटने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। कानूनी कार्यवाही घरेलू उपयोग सब्सिडी वाले या सामान्य गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्य दुकान या कारखाने में करना गैर-कानूनी है जबकि इन दिनों गवां में गैस सिलेंडर की कमी या महंगी दरें के दौरान घरेलू सिलेंडर की समस्या बरकरार है।लेकिन यह बहुत ही खातरनाक और अवैध है। व्यावसायिक गैस कटर ऑक्सीजन और एसिटिलीन के मिश्रण की जगह एलपीजी का उपयोग करने से सिलेंडर फटने का भारी जोखिम रहता है।



सम्भल- घरेलू गैस सिलेंडर से लोहे की कटिंगत करता कारीगर।

## भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन




**कांठ( शाह टाइम्स )** भारतीय जनता पार्टी के चल रहे दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का आज समापन हो गया जिसके अंतिम सत्र में पहुंचे कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को कार्य विस्तार विषय पर मार्गदर्शन दिया उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता समर्पण एवं निरंतर जनसंपर्क पर आधारित होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा पार्टी की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक विस्तार देने का आवाह्न किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताया और आगामी कार्यक्रम में पूरी निष्ठा के साथ जुड़ने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम की सफलता पर अभिनंदन किया। इस इस मौके पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालयों में ड्रीम लैब: की स्थापना को लेकर नेल्को लिमिटेड के साथ समझौता

**कांठ ( शाह टाइम्स )**। प्रदेश के 600 राजकीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अत्याधुनिक ड्रीम (डिजाइन, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रानिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग) लैब की स्थापना की जाएगी। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने टाटा समूह की कंपनी नेल्को लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। परियोजना के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों में कुल 150 हब और 450 स्पोक विद्यालयों को शामिल किया गया है। पहले चरण में 72, दूसरे चरण में 144 और तीसरे चरण में 384 विद्यालयों में ड्रीम लैब स्थापित की जाएंगी।इन ड्रीम लैब को आधुनिक नवाचार व कौशल विकास केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजें आफ थिंग्स, 3-डी प्रिंटिंग, उन्नत विनिर्माण, बैटरी चालित विद्युत वाहन, इलेक्ट्रानिक्स, कृषि विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा, ड्रोन प्रौद्योगिकी तथा डिजाइन थिंकिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय कौशल योग्यता और स्किल इंडिया मिशन के अनुरूप है। इससे विद्यार्थियों में नवाचार, समस्या समाधान क्षमता, तकनीकी दक्षता व उद्यमिता कौशल विकसित किया जाएगा।

## डम्पर ने खड़ी कार को साइड मारकर किया क्षतिग्रस्त टायर फटने से हुआ हादसा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में बड़ी संख्या में संचालित हो रहे डम्पर लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं आज डम्पर से हुए हादसे में एक कार सवार दंपति बाल बाल बचे हैं। उत्तराखंड निवासी दंपति अपनी कार से जा रहे थे लेकिन रेलवे फाटक 433 बी पार करके वह पेड़ की छाया में रुक गए तभी पीछे से डम्पर आया और उसने साइड मारकर कार को क्षतिग्रस्त



कर दिया। कार की खिड़की का शीशा टूटने से कांच महिला के ऊपर पहुंच गया और पिछली खिड़की क्षतिग्रस्त हो गई बताया गया कि हादसे की मुख्य बजह तो डंपर का टायर फटना था लेकिन इसके अलावा भी डंपरों द्वारा कई हादसे किए जा चुके हैं लोगों का कहना है कि एक तो भीषण गर्मी ऊपर से ओवरलोड चल रहे डंपरों में टायर फटने जैसी घटनाएं आम बात है और यह लोगों के लिए जान का खतरा भी बन सकती हैं फिलहाल आज की घटना में कोई जानी नुकसान तो नहीं हुआ लेकिन घटना के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और डम्पर चालक के साथ काफी कहासुनी होती रही। क्षेत्र के लोगों ने रोज-रोज हल्के वाहनों की चेकिंग ना करते हुए ऐसे ओवरलोड वाहनों पर शिकंजा कसे जाने की मांग उठाई है।

## दलपतपुर चौराहे पर कार सवार, बाइक सवार युवकों में मारपीट से लगा जाम

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के दलपतपुर अलीगंज मार्ग स्थित चौराहे पर किसी बात को लेकर कार सवार और बाईक सवार युवकों में कहासुनी हो



गई, बात इतनी बढ़ गई कि एक दूसरे के ऊपर होटल में रखी लकड़ी की फंटी हाथों में लेकर एक दूसरे के साथ मारपीट शुरू कर दी, मारपीट के दौरान दलपतपुर चौराहे पर जाम की स्थिति बन गई, मारपीट का वीडियो किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, मारपीट के दौरान कार के पिछले शीशे में डंडा मारकर तोड़ दिया कार सवार युवक भीड़ बढ़ती देख कार को छोड़कर भाग खड़े हुए, मारपीट की सूचना पर डायल पुलिस मौके पर पहुंची और कार सहित युवकों को दलपतपुर पुलिस चौकी पर ले गई।

# हीट वेव को लेकर सख्त दिखे डिप्टी सीएम, जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**मुरादाबाद।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को जिला अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज, दवाइयों और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों और तीमारदारों से मिले फीडबैक के आधार पर अधिकारियों को व्यवस्थाएं और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएम ने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, कूलर और मरीजों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि भीषण गर्मी और लगातार बढ़ रही हीट वेव को देखते हुए अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परि. जनों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी वार्डों में



शुद्ध पेयजल, पर्याप्त कूलर और साफ वातावरण सुनिश्चित किया जाए।उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में लंबे समय से खड़ी खराब और कबाड़ हो चुकी एंबुलेंसों पर नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी सभी अनुपयोगी वाहनों को तुरंत हटाया जाए, ताकि अस्पताल परिसर सुव्यवस्थित और स्वच्छ दिखाई दे। उन्होंने कहा कि बेहतर वातावरण मरीजों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।इस दौरान डिप्टी सीएम ने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को भी हीट वेव को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण लू लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ सकती हैं, इसलिए लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। आमजन को गर्मी से बचाव के उपायों और सावधानियों की जानक. ारी देना बेहद जरूरी है।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## विशाल निरंकारी संत समागम आयोजित जोनल प्रभारी ने दिया मानव एकता का संदेश

**मुरादाबाद/डिलारी।** मुरादाबाद क्षेत्र के मुंडा पांडे एवं मानसरोवर कॉलोनी में एक विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन



किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरेली से आए जोनल प्रभारी संजीव अग्रवाल ने की। इस अवसर पर उन्होंने प्रवचन करते हुए मानव एकता और प्रेम का संदेश दिया।श्परमात्मा की पहचान ही मानव एकता का आधारश्संजीव अग्रवाल ने कहा कि परमात्मा की पहचान ही मानव एकता का आधार होता है। प्यार और सहयोग से ही सच्चा मिलन संभव है, जो आत्मा और परमात्मा का मिलन है। उन्होंने कहा कि आत्मा और परमात्मा के मेल से ही प्रेम उत्पन्न होता है, जो जीवन में इस तरह राज करता है कि शरीर के नष्ट होने के बाद भी यह प्रेम समाप्त नहीं होता। श्सब एक ही नूर की उपज हैंश्उन्होंने आगे कहा कि निराकार आत्मा और परमात्मा का यह सूक्ष्म प्रेम सदैव कायम रहता है। जो आत्मा परमात्मा को जान लेती है, उसका प्रेम अमर हो जाता है। जब हम परमात्मा से जुड़ते हैं, तो समस्त संसार एक परिवार जैसा लगने लगता है। भाईचारा और मिल-जुलकर रहने की भावना स्वत: ही जाग्रत हो जाती है। जब हम यह जान लेते हैं कि सब एक ही नूर की उपज हैं और सभी एक ही परमात्मा की संतान हैं, तो सारे विरोध समाप्त हो जाते हैं। परमपिता को जानकर ही हमारे अंदर सबको भाई मानने की भावना जागती है।मंच का कुशल संचालन योगेंद्र सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज ढींगरा, गजम सिंह, डॉ. दलबीर सिंह, डॉ. करतार सिंह, सुभाष सिंह, सुरेश सिंह, बृजपाल सिंह, पप्पू सिंह, वीर सिंह, सुमित सिंह, भारत लाल, रीना, नेहा, अनीता, बबली, प्रीति सिंह, सुमन, रिंकी, उर्मिला, राखी आदि उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने सत्संग का लाभ उठाया और मानव एकता का संकल्प लिया।

## रास्ते में जाति महिला से छेड़छाड़ के आरोप में एक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** रास्ते में जा रही महिला से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने एक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का कहना है कि 22 मई की शाम को करीब 5:00 बजे वह खेत पर जा रही थी तभी गांव का विकास रास्ते में मिल गया और उसने छेड़छाड़ शुरू कर दी इसका विरोध किया तो गाली गलौज व मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विकास पुत्र रमेश निवासी गोपालपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण चुनाव हुआ सम्पन्न

## बृजनाथ पाण्डे अध्यक्ष, मोहन काण्डपाल महासचिव निर्वाचित







**शाह टाइम्स, ब्यूरो**
**मुरादाबाद।** तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए। चुनाव में बृजनाथ पाण्डे अध्यक्ष और श्री मोहन काण्डपाल महासचिव पद पर विजयी रहे। अध्यक्ष बृजनाथ पाण्डे, महासचिव: मोहन काण्डपाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष': अश्वनी सक्सेना कनिष्ठ उपाध्यक्ष (2 पद) श्री रामनेश राज कौशल एवं श्री वीरेन्द्र कुमार,संगठन सचिव सनी नेगी, संयुक्त सचिव शुभम सैनी, कोषाध्यक्ष': प्रीति रानी, सांस्कृतिक सचिव': राजरानी कश्यप, क्रीड़ा सचिव': नागेन्द्र, **पदवार वोटों का विवरण:** अध्यक्ष' बृजनाथ पाण्डे - 152 मत (विजेता), शिवओम यादव - 135 मत, महासचिव, मोहन काण्डपाल - 168 मत (विजेता), नीरज शुक्ला - 118 मत, निरस्त मत - 01, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अश्वनी सक्सेना - 164 मत (विजेता), दीपक गुप्ता - 119 मत निरस्त मत - 04, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (दो पद), रामनेश राज कौशल - 201 मत (विजेता) वीरेन्द्र कुमार - 127 मत (विजेता), रोहित कुमार - 113 मत, निरस्त मत - 03, संगठन सचिव, सनी नेगी - 157 मत (विजेता), श्रीमती रीता यादव - 127 मत, निरस्त मत - 03, संयुक्त सचिव, शुभम सैनी - 192 मत (विजेता) श्रीमती पिंकी शर्मा - 93 मत, निरस्त मत - 02, चुनाव परिणाम आने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# स्वदेशी जागरण मंच की तहसील कार्यकारिणी विस्तार बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**बिलारी।** स्वदेशी जागरण मंच, मुरादाबाद के तत्वावधान में बिलारी तहसील कार्यकारिणी विस्तार बैठक का आयोजन लक्ष्मण सरस्वती शिशु मंदिर, बिलारी में किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सहसंयोजक डॉ. राजीव कुमार, क्षेत्र विचार विभाग प्रमुख पश्चिम उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड क्षेत्र तथा क्षेत्र समन्वयक पश्चिम उत्तर प्रदेश स्वाबलंबी भारत अभियान श्री कुलदीप एवं जिला संयोजक नीरज सोलंकी एडवोकेट उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहसंयोजक डॉ. राजीव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में भारत को आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी आधारित अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई "स्वदेशी अपनाने" एवं "आत्मनिर्भर भारत" की अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए तथा विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करनी



चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक आंदोलन नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और सांस्कृतिक स्वाभिमान का विषय है। यदि समाज स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करेगा तो देश का धन देश में ही रहेगा तथा छोटे उद्योगों, कुटीर उद्योगों एवं स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी। श्री कुलदीप ने संगठन को मजबूत करने, गांव-गांव एवं नगर-नगर तक स्वदेशी विचारधारा पहुँचाने तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने पर बल दिया।

वहीं जिला संयोजक नीरज सोलंकी एडवोकेट ने तहसील स्तर पर संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में बिलारी तहसील कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए अजय अग्रवाल एडवोकेट को तहसील संयोजक, राजू गुप्ता एडवोकेट को तहसील सह संयोजक, भारत सिंह यादव एडवोकेट को तहसील कोषाध्यक्ष, विशाल गुप्ता को तहसील प्रचार प्रमुख, नीरज शर्मा को तहसील संपर्क प्रमुख तथा सिद्धार्थ शेखर को तहसील युवा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी पदाधिकारियों को संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं दायित्व निर्वहन की शपथ भी दिलाई गई।

इसी क्रम में बिलारी नगर कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई, जिसमें पुष्पेंद्र सिंह को नगर संयोजक तथा नितिन शर्मा को नगर सह संयोजक बनाया गया। साथ ही राहुल जैन, विनीत कुमार बंसल, निहाल सिंह लाठर, के.के. गुप्ता एवं गौरव शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने तथा संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## डॉ. अय्यूब हुसैन ने पर्ल्स फार्मिंग के क्षेत्र में बनाई अलग पहचान

**मुरादाबाद।** डॉ अय्यूब हुसैन ने पर्ल्स फार्मिंग के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और नवाचार के दम पर न केवल खुद सफलता हासिल की, बल्कि सैकड़ों किसानों के जीवन को भी नई दिशा दी है।आज डॉ अय्यूब हुसैनको पर्ल्स फार्मिंग के क्षेत्र में एक सफल उद्यमी, प्रशिक्षक और प्रेरणास्रोत के रूप में जाना जाता है।



उन्होंने लगभग 200 से अधिक किसानों को प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर और सफल किसान बनाया। उनकी ट्रेनिंग और मार्गदर्शन से कई किसान आज बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं और आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़ रहे हैं।उनके उत्कृष्ट कार्यों और कृषि क्षेत्र में नवाचार के लिए उन्हें कई सम्मान और पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। विभिन्न जिला अधिकारियों, मंडल आयुक्तों तथा उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती ।दंदकपइमद च्ंजमस द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया है। डॉ अय्यूब हुसैन का उद्देश्य केवल अपना व्यवसाय बढ़ाना नहीं, बल्कि किसानों को नई तकनीकों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। उनका मानना है कि अगर किसान आधुनिक तकनीक और सही प्रशिक्षण अपनाएं, तो खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है। आज वे हजारों युवाओं और किसानों के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि मेहनत, आत्मविश्वास और सही सोच के बल पर कोई भी व्यक्ति अपनी अलग पहचान बना सकता है।

## एक नजर

### सहायक परिवहन अधिकारी द्वारा गोशाला को भूसा दान करने की खुले दिल से सराहना



**कांठ ( शाह टाइम्स )** सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अमरोहा महेश कुमार शर्मा द्वारा सादकपुर खिचड़ी गौशाला को 31 कुंतल भूसा दान करने की आज लोगों ने खुले दिल से सराहना की गौ सेवक एवं पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्य विकास शर्मा ने कहा कि सनातन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों को तो कम से कम इस तरह के कार्य करके गोवंश की रक्षा करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। विकास शर्मा सादकपुर खिचड़ी गौशाला पहुंचे थे जहां उन्होंने कुछ दिन पूर्व कुत्तों से घायल गोवंश का हाल जाना उन्होंने बताया कि घायल गोवंश की हालत में अब काफी सुधार है। गौशाला में इस समय 292 गोवंश संरक्षित है उन्होंने कहा कि अमरोहा के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने जो कार्य किया है इससे अन्य लोगों को भी सीख लेनी चाहिए।

### मुख्यारपुर नवादा के नागराज मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )**। क्षेत्र के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा स्थित नागराज मंदिर में भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पहले शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई थी।कलश यात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए झाड़ वाले नागराज मंदिर पर पहुंची। जहां आचार्य गौरीशंकर शर्मा ने विधि विधान के साथ भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की प्रतिमाओं की प्राण



प्रतिष्ठा कराई। स्वामी विजयानंद महाराज के द्वारा रविवार को मंदिर परिसर में नौ बजे से हवन,यज्ञ और आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया नागराज मंदिर के महंत स्वामी विजयानंद महाराज को गुरु अरविन्द चौधरी ने हनुमान जी का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरु अरविंद चौधरी,पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू,जिला पंचायत सदस्य मुकेश यादव, पूर्व प्रधान राजेश देवी, नीरज विश्नोई,धर्मपाल सिंह विश्नोई, पारुल चौहान,गौरव विश्नोई, अरुण विश्नोई,लकी चौधरी, सीताराम विश्नोई,पूर्व प्रधान राजीव कुमार कश्यप,हैप्पी विश्नोई,मुकेश कुमार,भविष्य विश्नोई,विशाल विश्नोई,विदित विश्नोई,विपिन विश्नोई,अवनीश कुमार आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### साप्ताहिक सत्संग में बताया धर्म परिवर्तन की नहीं बल्कि मन परिवर्तन की जरूरत

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सन्त निरंकारी आश्रम में साप्ताहिक सत्संग समागम के आयोजन में स्टेज विराजमान प्रचारक महात्मा राजेंद्र जी अपने प्रवचनों में समानता और मानवता का संदेश देते है। उन्होंने फरमाया कि हमारे भिन्न-भिन्न रूप और रहन-सहन होते हुए भी हमारे भीतर वही एक जैसी चेतना, जीवन-शक्ति प्रवाहित होती है, जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती



है। यह दृश्य न केवल एक परंपरा का निर्वहन था, बल्कि सेवा, श्रद्धा और मानवता के प्रति गहरी आस्था का जीवंत प्रतिबिंब बनता है। संत निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक विचारधारा है जिसका मुख्य उद्देश्य मानवता को बढ़ावा देना है निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी की पंक्तियां कुछ भी बनो मुबारक है पर पहले इंसान बनो स जिसमें धर्म परिवर्तन की नहीं मन परिवर्तन की आवश्यकता है स सत्संग में ब्रांच कांठ मुखी मास्टर सुशील कुमार जी, राजेंद्र जी , रवि जी, बहन राजवती जी, बीना जी , रावी जी, एवम मीडिया प्रभारी अंकित कुमार आदि महात्मा मौजूद रहे।

### लड़की को शादी का झांसा देकर शोषण करने के आरोप में एक का चालान

**कांठ( शाह टाइम्स )**। लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने और शोषण करने के आरोप में पुलिस ने एक का चालान किया है। मामला



क्षेत्र के गांव का है वहां की लड़की का कहना है कि गांव के हिमांशु पुत्र गजराम ने उसे शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर ले गया और शारीरिक शोषण करने के बाद गाली गलौज और मारपीट करनी शुरू कर दी। विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा पीड़िता थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके आज संबंधित धाराओं में चालान किया है।

### फर्द खतौनी के लिए तहसील जाने की अनिवार्यता खत्म, घर बैठे निकाल सकते हैं प्रमाणित खतौनी

**कांठ ( शाह टाइम्स )**प्रमाणित खतौनी के लिए अब भूमिधारक को तहसील कंप्यूटर केंद्र अथवा कामन सर्विस सेंटर के चक्कर लगाने की जरूरत नही है। मात्र 15 रुपये खर्च कर घर बैठे आनलाइन प्रमाणित खतौनी प्राप्त की जा सकती हैं। आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद के आदेश के बाद डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया ने इसको लेकर जिले में भी निर्देश जारी किए हैं। डीएम के मुताबिक आमजन की सुविधा के लिए खतौनी की प्रमाणित प्रति प्रदान किए जाने की प्रक्रिया को पूरी तरह आनलाइन कर दिया गया है। आवे. दक आनलाइन माध्यम से निर्धारित शुल्क का भुगतान करके खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकता है। बताया कि इसके लिए राजस्व परिषद की आधिकारिक वेबसाइट एचटीटीपीएस://बोर.उप.निक.इन पर लागिन करके मुख्य पृष्ठ पर खतौनी की नकल टैब पर क्लिक करके क्रमश: जनपद, तहसील और ग्राम का चयन करना है। फिर आनलाइन भुगतान करके गाटे की प्रति डाउनलोड कर सकता है।

### जीरो प्वाइंट तिराहे पर ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर भूसी का ट्रक पलटा

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित जीरो प्वाइंट लक्ष्मीपुर कट्टई तिराहे पर ट्रक के ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर बीच डिवाइडर पर पलट गया,चालक शब्बीर अहमद निवासी गिजरौला थाना डिलारी ने बताया कि वह सरसों की तूड़ी का भूसा भरकर शाहबाद से बाइपास होकर अपने घर जा रहे थे जब गाड़ी लेकर जीरो प्वाइंट पहुंचे तो मोड़ पर उतरते समय जैसे ही ट्रक के ब्रेक लगाए तो ब्रेक नहीं लगे अनियंत्रित होकर ट्रक डिवाइडर पर पलट गया जबकि किसी के चोट नहीं लगी, हाईवे के रूट आफिसर वारिस अहमद सड़क पर ट्रक पलटने की सूचना पर मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि गनीमत रही कि कोई भी व्यक्ति ट्रक के नीचे नहीं दबा, ट्रक सुबह 7:30 बजे पलटा है, क्रेन को मौके पर बुला लिया गया है, हाईवे पर किसी भी तरह की जाम की स्थिति नहीं बनी है।

# चौधरी जयंत सिंह के आगमन से पहले तैयारियों में जुटा संगठन, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में 4 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की विशाल रैली को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार पूर्व विधायक विजय यादव के आवास पर पहुंचे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। पूर्व विधायक विजय यादव ने कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार को तलवार भेंट कर तथा चांदी का ताज पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार नारेबा. जी कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। पूर्व विधायक विजय यादव के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने मीडिया कर्मियों से वार्ता करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनहित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं, गरीबों और व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचाया जा रहा है। मंत्री अनिल कुमार ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों और मिशन 2027 को लेकर पूरी मजबूती के साथ जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन को बूथ स्तर तक मजबूत करना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। संगठन जितना मजबूत होगा, विकास कार्यों को उतनी ही तेजी मिलेगी। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने ठाकुरद्वारा क्षेत्र के विकास कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सड़क, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है तथा जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम के बाद कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने आगामी 4 जून को आयोजित होने वाली रालोद की विशाल रैली के ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने जनसभा स्थल की व्यवस्थाओं, मंच निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग तथा अन्य तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व विधायक विजय यादव ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के प्रथम ठाकुरद्वारा आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। उन्होंने दावा किया कि रैली ऐतिहासिक होगी और इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी, संजय यादव, अजय, रोमिश यादव, डॉ. नफीस, अरुण कुमार, शावेज खान, संजीव चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।





## संगठन की मजबूती को लेकर भाजपा की मासिक बैठक आयोजित

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को हयातनगर क्षेत्र के विभिन्न शक्ति केंद्रों पर मासिक बैठकों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 'संगठन ही सेवा, संगठन ही शक्ति' के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। हयातनगर मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र मनोक. ामना, लाडम सराय-1 एवं लाडम सराय-2 पर आयोजित बैठकों में मंडल प्रभारी के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्जुन वाल्मीकि शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई तथा बूथ स्तर तक पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। जिला उपाध्यक्ष अर्जुन वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता का आधार है। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष गणेश शर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक एवं नामित सभासद उत्तर प्रदेश सरकार सैय्यद शान अली, सुमित श्याम, खुर्शीदा बेगम सहित सभी बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।



## एक नजर

### दियौरा खास और पैगारफातपुर में झील की सरकारी 250 बीघा जमीन का सीमांकन कार्य शुरू

**चन्दौसी।** तहसील अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में दियौराखास और पैगारफातपुर की झील में 250 बीघा सरकारी जमीन का सीमांकन कार्य शनिवार को राजस्व टीम द्बारा शुरू किया गया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर शनिवार को राजस्व टीम द्वारा शुरू की गई है। यह झील दियौरा खास और पैगारफातपुर गांवों में आती है। सीमांकन का मुख्य उद्देश्य सरकारी भूमि की पहचान करना और इसे अवैध कब्जा से मुक्त कराना है। टीम में शामिल लेखपाल संजीव कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी निर्देशानुसार दियौरा खास व पैगारफातपुर में झील की लगभग 250 बीघा जमीन का सीमांकन कार्य शुरू किया गया है। सीमांकन कार्य पूर्ण होने पर रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। उसके बाद जमीन को कब्जामुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। सीमांकन कार्य के दौरान राजस्व टीम में कानूनगो रजनीश सिंह,हल्का लेखपाल सुनील बाबू व जुहैब खान तथा सहयोगी लेखपाल संजीव कुमार शामिल रहे।



## नगर में अलग-अलग बूथों पर भाजपा की बैठकें आयोजित, संगठन मजबूती पर जोर

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को नगर के विभिन्न शक्ति केंद्रों और बूथों पर बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार करने के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। नगर के सेक्टर मोहल्ला ताली में आयोजित बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य शशिवाला ने की। इस दौरान सेक्टर प्रभारी एवं नगर पालिका नामित सदस्य आशुतोष अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान को तेज करने का आह्वान किया। वहीं मंडल उपाध्यक्ष डॉ. आफताब आलम ने कहा कि भाजपा संगठन बूथ स्तर तक मजबूत होकर ही आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने की अपील की। बैठक में सेक्टर संयोजक गौरव चौहान, बूथ अध्यक्ष अनुज चौहान, आकाश दिवाकर, आशीष मिश्रा, रजत कुमार, अभिनव सिंह, विवेक कुमार और हर्षित कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर भाजपा के शक्ति केंद्र भरतावाला पर आयोजित बैठक में बूथ संख्या 172, 173, 174, 175 और 176 के बूथ अध्यक्षों तथा बूथ पालकों ने भाग लिया। बैठक में भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार ने कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपनी समिति के सदस्यों को सक्रिय बनाए रखें तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं।उन्होंने बताया कि आगामी 31 मई को प्रत्येक बूथ पर "मन की बात" कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम और बूथ बैठकों के फोटो सरल ऐप पर अपलोड कर उसका स्क्रीनशॉट मंडल अध्यक्ष को भेजना अनिवार्य रहेगा। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक सुरेंद्र सिंह, शक्ति केंद्र प्रभारी जयवीर सिंह, बूथ अध्यक्ष पवन सिंह, प्रदीप कुमार, जगबीर सिंह, बलजीत सिंह, ओमप्रकाश सिंह और जितेंद्र सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं शक्ति केंद्र अंसारियां और सुफियान में आयोजित बैठकों में आशुतोष अग्रवाल, हेमेंद्र प्रताप सिंह, अंकुर राणा, ओम कुमार एडवोकेट और उमेश कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठकों में कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय, जनसंपर्क और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत संगठन ही मजबूत राष्ट्र की पहचान है।



## भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**चन्दौसी।** जनपद संभल सहित चन्दौसी क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी और हीटवेव ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।

सूर्य की तपिश इतनी तेज है कि दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आ रही हैं। लगातार बढ़ते तापमान के चलते चन्दौसी का पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। रविवार को पूरे दिन शहर में लॉकडाउन जैसी स्थिति दिखाई दी। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और अधिकांश दुकानदारों ने गर्मी से बचने के लिए अपने प्रतिष्ठानों के शटर तक गिरा दिए। सड़कें खाली नजर आईं और वाहनों की आवा. जाही भी बेहद कम रही। भीषण गर्मी का असर केवल इंसानों पर ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों पर भी देखने को मिल रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण जलाशय धीरे-धीरे सूख रहे हैं और पानी की मांग में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गर्मी से बचाव के लिए लोग गमछा, सनग्लासेस और छाते का सहारा ले रहे हैं। महिलाएं एवं स्कूली छात्र-छात्राएं भी सिर और चेहरे को कपड़ों से ढककर घरों से बाहर निकल रहे हैं।

### नगर में धड़ल्ले से बिक रही घटिया मिठाई दूध व पनीर, खाद्य विभाग बना मूकदर्शक

**ठाकुरद्वारा।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावटी और घटिया खाद्य पदार्थों की बिक्री लगातार बढ़ती जा रही है। बाजारों में खुलेआम खराब गुणवत्ता की मिठाई, मिलावटी दूध, नकली पनीर और कई दिन पुरानी खाद्य सामग्री बेची जा रही है, लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग कार्रवाई के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। इससे लोगों की सेहत पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। नगर की कई मिठाई दुकानों पर साफ-सफाई के मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। हाईवे किनारे और मुख्य बाजारों में खुले में रखी मिठाइयों, समोसों व अन्य खाद्य सामग्री पर धूल-मिट्टी जमती रहती है, लेकिन दुकानदारों को इसकी कोई परवाह नहीं है। आरोप है कि कई दुकानों पर बासी मिठाइयों को दोबारा सजाकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। ग्राहक शिकायत करते हैं तो दुकानदार तुरंत सामान बदलकर मामला शांत कराने में जुट जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग केवल त्योहारों के समय सक्रिय नजर आता है। त्योहारों के दौरान खानापूर्ति के लिए कुछ दुकानों से सैंपल लेकर अभियान चलाया जाता है, लेकिन उसके बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

नियमित जांच और सख्त कार्रवाई के अभाव में मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। नगरवासियों का आरोप है कि मिलावटी दूध, नकली खोया और घटिया पनीर का सेवन लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। साथ ही मिलावटखोरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों पर सख्ती से लगाम लगाई जाए।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** विवाहिता ने अपने पति एवं ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित व मारपीट करने तथा मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नन्हूवाला निवासी एक विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 16 फरवरी 2023 को ऊधम सिंह नगर जनपद के ग्राम खड़कपुर देवीपुरा निवासी संजू पुत्र अशोक कुमार के साथ हुई थी। विवाह में उसके पिता महेन्द्र सिंह पुत्र नारायदास द्वारा अपनी हैसियत के अनुसार पर्याप्त दान-दहेज दिया गया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति संजू एवं उसके परिवार वाले अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता का आरोप है कि उसके साथ कई बार बेरहमी से मारपीट की गई तथा उसे खाने-पीने तक से वंचित रखा गया। वह परिवार की इज्जत की खातिर लंबे समय तक अत्याचार सहती रही और कई बार मायके आने के बाद परिजनों द्वारा समझा-बुझाकर उसे वापस ससुराल भेजा गया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति संजू एवं ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति के योग शिविर में स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति चंदौसी द्वारा आयोजित योग शिविर के चौथे दिन प्रतिभागियों को योग और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया कि योग शिविर शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनुभवी प्रशिक्षक सुशील आर्य (पतंजलि) के निर्देशन में योगासन, प्राणायाम और श्वासासन का अभ्यास कराया गया। साथ ही प्रतिभागियों को स्वस्थ दिनचर्या अपनाने और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, प्रतिमा अग्रवाल, रीता अग्रवाल, मीरा गोयल, रेखा रस्तोगी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

### रामबाग मंदिर पर नाला सफाई कार्य शुरू, पोकलैंड मशीन पहुंची



चन्दौसी। शहर में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से रामबाग मंदिर क्षेत्र में नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। रविवार को मौके पर पोकलैंड मशीन पहुंचने के बाद सफाई कार्य प्रारंभ कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से नालों में गाद और कूड़ा जमा होने के कारण जल निकासी प्रभावित हो रही थी, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई थी। प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा अब नाला सफाई कार्य शुरू कराए जाने से लोगों ने राहत की उम्मीद जताई है। सफाई अभियान के दौरान मशीन के माध्यम से नाले में जमी गंदगी और सिल्ट को बाहर निकाला जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि बरसात से पहले शहर के प्रमुख नालों की सफाई पूरी कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

## शिव पार्वती रसोई में वेज पुलाव और शीतल जल का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भीषण गर्मी में जरूरतमंदों की सेवा के संकल्प के साथ शिव पार्वती रसोई की ओर से आज वेज पुलाव एवं शीतल जल का भोग वितरित किया गया। संस्था लगातार जरूरतमंदों तक भोजन और शीतल जल पहुंच. ाकर मानव सेवा का कार्य कर रही है।संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुष्प यादव एडवोकेट ने कहा कि सेवा वह संस्कार है जो समाज में मानवता, सहयोग और अपनापन जीवित रखता है। भीषण गर्मी में भूखे-प्यासे लोगों तक भोजन और शीतल जल पहुँचाना ही सच्ची मानव सेवा है।

उन्होंने बताया कि शिव पार्वती रसोई का उद्देश्य कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए, इसी भाव के साथ रोजाना भोजन वितरण किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए शीतल जल की भी विशेष व्यवस्था की गई है। आज की रसोई में प्रत्यूष यादव, आशुतोष त्यागी, सुमित टंडन, अर्जुन सिंह, आशीष यादव, अंकुर यादव, राहुल शर्मा, सुनीत अग्रवाल, योगेश भारती, शुभम चौधरी, विवेक गुप्ता, पारस त्यागी, विनय कश्यप, हरिओम शर्मा, ओम प्रकाश सिंह आदि संस्था के सदस्य मौजूद रहे। सभी ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



### झील का पानी सूखने से सारस आदि पक्षी बेहाल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास और पैगारफातपुर की झील में पानी सूख जाने के कारण अनेकों प्रजाति के पक्षी बेहाल है। उक्त दोनों गांवों की 250 बीघा झील की भूमि है। झील के रकवा के साथ किसानों की भूमि को मिलाकर यहां बहुत बड़ा जंगल हो जाता है। झील के आसपास की भूमि भी गहराई में होने से यहां बरसात के दिनों में सैकड़ों बीघा जमीन जलमग्न हो जाती है। झील में पानी भर जाने पर यहां अनेकों प्रजाति के पक्षी जैसे सारस, जलकौवा, जलमुर्गी तथा कई अन्य प्रकार के पक्षी झील में विचरण करते देखे जाते हैं। वन्य जीव जैसे सियार, काले हिरण, शेही, नीलगाय आदि जानवर भी झील के जंगल में बिचरण करते हैं। इस समय झील में पानी सूख जाने से अनेकों प्रकार के पक्षी पानी के न होने से झील में गर्मी से बेहाल देखें जा सकते हैं।



## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र इमरान व पुत्रवधू श्रीमती सकीना बी को गलत संगत/गलत आचरण, दुर्व्यवहार व कहना ना मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेन-देन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**मकबूल पुत्र हमीद व श्रीमति शमिया पत्नी मकबूल निवासीगण ग्राम धर्मपुर चुग्गो वाली पोस्ट मानपुर तह० व जिला मुरादाबाद।**

## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### सराय ज्वालापुरी में प्रति. बंधित हरे भरे नीम के एक दर्जन से अधिक पेड़ काटे

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव सराय ज्वालापुरी में सड़क किनारे खेत में खड़े नीम के हरे भरे लहलहाते पेड़ खेत स्वामी किसान जगतपाल और राजेश पुत्र उदयपाल निवासी सराय ज्वालापुरी ने रविवार की सुबह कटबा दिये गये। प्रतिबंधित नीम के पेड़ काटे जाने की सूचना पर वन विभाग टीम व थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काटे गए पेड़ों का निरीक्षण किया। मौके पर पहुंच कर लकड़ी का आंकलन कर जुर्माना लगाया जाएगा और लकड़ी ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में दे दी गई है।

## बेदखली सूचना

मैनै अपने पुत्र अरुण कुमार (24 वर्ष) को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में अरुण कुमार के द्वारा किए गए किसी भी आपराधिक कृत्य/लेन-देन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का अरुण कुमार से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

धर्मपाल सिंह पुत्र जगदीश सिंह विकास नगर निकट गौरव पब्लिक स्कूल, मुरादाबाद। मो. 8057517263

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करेगा बीएमबीएल जैन सेवा न्यास

**मुरादाबाद।** बाबू मुकुट बिहारी लाल (बी.एम.बी.एल.) जैन सेवा न्यास की एक महत्वपूर्ण बैठक माला निकेतन, बुद्धि विहार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता न्यास अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने की, जबकि संचालन सचिव नमन जैन द्वारा किया गया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण तथा विशेष रूप से युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि न्यास द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता 07 जून 2026 (रविवार) को आयोजित होगी। प्रतियोगिता का लिंक न्यास की वेबसाइट.इउइसरंपदजतनेज.बवउ पर उपलब्ध रहेगा। परीक्षा हेतु लिंक सायं 03:00 बजे से 04:00 बजे तक सक्रिय रहेगा तथा प्रतिभागियों को निर्धारित समयावधि में प्रश्नों के उत्तर देकर शाम 04:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रतियोगिता में केवल पूर्व-पंजीकृत प्रतिभागी ही भाग ले सकेंगे। एक मोबाइल नंबर एवं एक ईमेल आईडी से केवल एक प्रविष्टि मान्य होगी।

प्रतियोगिता पूर्णत: नि:शुल्क होगी, जिसका उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता को बढ़ावा देना है। न्यास द्वारा स्पष्ट किया गया कि न्यास परिवार से जुड़े सदस्य प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। प्रतियोगिता का तकनीकी संचालन नमन जैन, सम्भव जैन एवं अमन जैन एडवोकेट द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार घ11,000, द्वितीय पुरस्कार घ5,100, तृतीय पुरस्कार 2,100 तथा चार सांत्वना पुरस्कार घ1,100-घ1,100 प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार राशि विजेताओं के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाएगी। बैठक में श्रीमती अलका जैन, अमन जैन एडवोकेट, सम्भव जैन, अभिनय जैन, प्रिया जैन, राशि जैन सहित न्यास के अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### एक ही रात में दो घरों में नकदी व जेवरात चोरी अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवरात व नगदी चोरी कर लिए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर निवासी उस्मान अहमद पुत्र छिद्दा खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 मई 2026 की रात वह अपनी पत्नी उमरा बेगम के साथ घर के आंगन में सो रहे थे, जबकि उनकी पुत्रवधु नरगिस अपनी बेटी के साथ कमरे में सो रही थी। आरोप है कि रात में किसी समय अज्ञात चोर घर में घुस आए और अलमारी में रखे एक लाख रुपये नकद, सोने की चूड़ियां, एक सोने का हार, सोने के कुंडल, चांदी की एक जोड़ी पाजेब तथा चांदी का लोकेट चोरी कर ले गए सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। इसी दौरान उनके भाई हसीन पुत्र छिद्दा खां ने भी बताया कि चोरों ने उनके घर को भी निशाना बनाया और वहां से 13 हजार रुपये नकद, सोने की नाक की लौंग तथा सोने की कान की बालियां चोरी कर लीं। एक ही रात में दो घरों में चोरी की वारदात से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम से जुड़ी महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्र में चौपाल आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों एवं धार्मिक स्थलों पर भ्रमण कर महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर क्राइम 1930, एम्बुलेंस 108 सहित अन्य सेवाओं के पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।



# प्रेम-प्रसंग में पति की हत्या: पत्नी समेत चार आरोपी गिरफ्तार, मझोला पुलिस ने 48 घंटे में किया खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना पुलिस ने हत्या के एक सनसनी खेज मामले का 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार प्रेम प्रसंग के चलते पति की हत्या की साजिश रची गई थी। आरोपियों ने युवक को बेरहमी से पीटा, बिजली का करंट लगाया और जहरीला पदार्थ पिलाकर मौत के घाट उतार दिया। बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया।पुलिस के मुताबिक 22 मई को मृतक पवन के भाई देवेन्द्र सिंह ने थाना मझोला में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि पवन की पत्नी आंचल का अंकित नामक युवक के साथ प्रेम संबंध था। इस संबंध का पवन विरोध करता था, जिसके चलते उसकी हत्या की गई। मामले में पुलिस ने हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना मझोला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आंचल, उसकी बहन शिखा, प्रेमी



अंकित और अजय दिवाकर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में चारों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आंचल और अंकित के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे, जबकि शिखा और अजय दिवाकर भी एक-दूसरे के करीब थे। पवन को जब इस रिश्ते की जानकारी हुई तो वह लगातार विरोध करने लगा। इसी वजह से चारों ने मिलकर उसकी हत्या की योजना बनाई। योजना के तहत 22 मई को सभी आरोपी पवन के घर पहुंचे। घर में पवन के आने पर उसे पकड़कर मारपीट की गई। शोर दबाने के लिए कमरे में तेज आवाज में गाने चला दिए गए। इसके बाद आरोपियों ने उसके हाथ-पैर बांध दिए, बिजली का करंट लगाया और जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया। हालत बिगड़ने पर दोबारा करंट देने से उसकी मौत हो गई।घटना को आत्महत्या साबित करने के लिए शव को सीढ़ियों से नीचे गिरा दिया गया। बाद में आंचल ने परिजनों और पड़ोसियों को पवन द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने की झूठी जानकारी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया ठंडा शर्बत, समाजसेवियों ने कमाया पुण्य

**चन्दौसी।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच प्यासे राहगीरों को ठंडा पानी और शर्बत पिलाना किसी राहत से कम नहीं है। रविवार को पूरे दिन पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी के बीच समाजसेवियों ने लोगों की सेवा कर मानवता का परिचय दिया। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह शीतल जल प्याऊ लगाकर राहगीरों को राहत पहुंचाई गई। रविवार को कैथल में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीण खरीदारी के लिए पहुंचे। बाजार मार्ग पर तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे में कैथल पेंठ रोड स्थित समाजसेवी रघुवीर शर्मा, नितिन शर्मा, अंकित शर्मा, तेजपाल प्रधानजी, अजय शर्मा एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा शीतल जल प्याऊ लगाकर राहगीरों को मीठा ठंडा शर्बत वितरित किया गया। शर्बत पाकर राहगीरों ने राहत महसूस की और समाजसेवियों के इस कार्य की सराहना की। लोगों का कहना था कि भीषण गर्मी में इस प्रकार की सेवा मानवता का सबसे बड़ा कार्य है। समाजसेवियों ने कहा कि गर्मी के मौसम में जरूरतमंदों की सेवा करना ही उनका उद्देश्य है और आगे भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे।



### एक नजर

## भगवान विष्णु की उपासना से मनुष्य जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का होता संचार

**कांठ( शाह टाइम्स )** रसूलपुर गांव में आयोजित जंभ वाणी हरिकथा में कथा वाचक गोविंद शरणानंद महाराज ने कहा कि भगवान विष्णु की उपासना से मनुष्य के जीवन में शांति सुख और सकारात्मक ऊर्जा का



संचार होता है वर्तमान समय में शांति और तनाव से मुक्ति पाने के लिए सत्संग और भगवान का स्मरण अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा की कथा में पधारे संतो के आशीष वचनों से श्रद्धालुओं में धर्म सेवा और मानव कल्याण की भावना पैदा होती है। स्वामी प्रेमदास महाराज आचार्य विश्वात्मानंद स्वामी सर्वानंद आदि ने कहा कि जम्भ वाणी संस्कृति मानवता जीव दया पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। कथा में आए लोगों ने धर्म लाभ उठाया। इस पावन अवसर पर बिश्नोई सभा हरथला अगवानपुर फतेहपुर हमीनपुर के साथ-साथ राजीव कुमार संजय बिश्नोई अनुराग राकेश कुमार आदि बड़ी संख्या में महिला और पुरुष मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे पीआरडी जवान की मौत, पुलिस महकमे में दौड़ी शोक की लहर

**मुरादाबाद।** जनपद में भीषण गर्मी के बीच ड्यूटी निभा रहे एक पीआरडी जवान की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस विभाग और मृतक के परिवार में शोक की लहर



दौड़ गई। मृतक की पहचान किशन स्वरूप के रूप में हुई है, जो शहर के मधुबनी चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए तैनात थे। घटना के समय प्रदेश के डिप्टी सीएम का जनपद दौरा भी चल रहा था, जिसके चलते सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मी अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे थे।जानकारी के अनुसार किशन स्वरूप रविवार सुबह करीब छह बजे से लगातार ड्यूटी पर तैनात थे। सुबह से ही तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच वह पूरी जिम्मेदारी के साथ ट्रैफिक संचालन कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उन्हें चक्कर आया और वह सड़क पर ही अचेत होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें संभाला और एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया।साथी पुलिसकर्मियों ने बताया कि किशन स्वरूप की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों की टीम ने तत्काल उनका उपचार शुरू किया। इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर जुनैद अहमद ने बताया कि अस्पताल पहुंचते ही ईसीजी जांच और सीपीआर देकर उन्हें बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उन्हें 'मृत' घोषित कर दिया।डॉक्टरों के अनुसार मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि दी।

# 12 साल के मासूम की हत्या में पिता-पुत्र समेत चार को उम्रकैद



जीशान। फाइल फोटो





हत्या के आरोपी। फाइल फोटो

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सट्टे का नंबर नहीं लगने की रंजिश में 12 साल के जीशान की हत्या के आठ साल पुराने मामले में एडीजे-सात चंचल की अदालत ने बृहस्पतिवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने रशीद, उसके बेटे सुहेल, फैजान और फराज को उम्रकैद की सजा सुनाई। 16 अगस्त 2018 की शाम आरोपी हाफिज मोबीन के बेटे को अगवा करने गए थे।

मकसद था सट्टे का सही नंबर पूछना या हारी हुई रकम वापस लेना। लेकिन घर के बाहर उन्हें मोबीन का भांजा जीशान मिल गया। हत्यारे उसे ही मोबीन का बेटा समझकर अगवा कर ले गए। भेद खुलने के डर से चारों ने मासूम की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव के दो टुकड़े कर दिए।

अगले दिन रामगंगा नदी किनारे धड़ मिला। परिवार ने मोर्चरी में कपड़ों से पहचान की। सीसीटीवी फुटेज में दो लोग बच्चे को बाइक से ले जाते दिखे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर गलशहीद स्थित कब्रिस्तान से सिर बरामद किया। डीएनए रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि धड़ और सिर जीशान के ही थे। पुलिस जांच में सामने आया कि जीशान के मामा हाफिज मोबीन सट्टे का नंबर बताता था। आरोपी राजमिस्त्री का काम करते थे और सट्टा लगाकर अमीर होना चाहते थे। लेकिन ढाई लाख रुपये हार गए।

इसी रंजिश में हत्या कर दी। जीशान के मामा मो. यामीन ने अपहरण में चक्कर की मिलक निवासी मो. आमीर और मुरसलीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। लेकिन विवेचना में उनकी भूमिका नहीं मिली और उन्हें क्लीनचिट दे दी गई। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुभान चौधरी व उनके जूनियर उसमान गनी ने केस लड़ा, और आरोपियों की सजा दिलवाई।

## परिवर्तन 'दी चेंज' संस्था ने मनाया रामगंगा स्वच्छता अभियान का 200वां सप्ताह

**मुरादाबाद।** परिवर्तन ष्दी चेंजष संस्था द्वारा पिछले 200 सप्ताह से लगातार चलाए जा रहे "रामगंगा



स्वच्छता अभियान" के 200वें सप्ताह के अवसर पर रविवार सुबह लालबाग स्थित श्री काली माता मंदिर के पास रामगंगा तट पर वृहद सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में संस्था के स्वयंसेवकों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।सुबह करीब 6:30 बजे शुरू हुए इस अभियान के दौरान रामगंगा तट से लगभग 1000 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक, पॉलिथीन, पूजन सामग्री और अन्य अघुलनशील कचरा एकत्र किया गया। एकत्रित कचरे को नगर निगम मुरादाबाद के सहयोग से निर्धारित स्थान तक पहुंचाया गया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने लोगों को नदी में कचरा न फेंकने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि 200 सप्ताह का यह सफर केवल सफाई अभियान नहीं, बल्कि मां रामगंगा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य सिर्फ नदी की सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों में जागरूकता पैदा करना है ताकि भविष्य में कोई भी नदी को प्रदूषित न करे। उन्होंने बताया कि जब तक रामगंगा पूरी तरह स्वच्छ और निर्मल नहीं हो जाती, तब तक यह अभियान प्रत्येक रविवार जारी रहेगा।अभियान में संस्था के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

संस्था की ओर से शहरवासियों से अपील की गई कि वे इस जनहित और पर्यावरण संरक्षण के कार्य से जुड़कर रामगंगा को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें।

## ट्रेनों में नकली किन्नरों की उगाही से यात्रियों में दहशत, रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**चन्दौसी।** रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर सरकार लगातार बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी पुलिस तथा टिकट जांच के लिए टीटीई की तैनाती की जाती है। इसके बावजूद ट्रेनों में चोरी, चौन पुलिंग, टप्पेबाजी और जबरन उगाही जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे यात्रियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। यात्रियों का आरोप है कि ट्रेनों में बिना अनुमति के कई लोग खाद्य पदार्थ बेचते हुए खुलेआम घूमते रहते हैं। इसके अलावा रात के समय कुछ असामाजिक तत्व नकली किन्नरों का रूप धारण कर एक्सप्रेस ट्रेनों के डिब्बों में प्रवेश कर जाते हैं और यात्रियों से जबरन रुपये वसूलते हैं। विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है तथा कई बार मारपीट तक की नौबत आ जाती है। शनिवार रात लखनऊ से चन्दौसी की ओर आ रही ट्रेन संख्या 14007 में भी ऐसा ही मामला सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आंवला स्टेशन से लगभग 25 से 28 वर्ष आयु के दो युवक किन्नरों के वेश में ट्रेन के द्वितीय श्रेणी डिब्बे में चढ़ गए। इसके बाद उन्होंने यात्रियों को सीटों से उठाकर जबरन पैसे मांगने शुरू कर दिए। पैसे देने से मना करने वाले यात्रियों के साथ गाली-गलौज की गई और डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। महिला यात्रियों और बच्चों के साथ सफर कर रहे परिवारों में इस दौरान भय का माहौल बन गया। कई यात्रियों ने डर और विवाद से बचने के लिए रुपये देकर पीछा छुड़ाया। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन में आरपीएफ और जीआरपी की नियमित गश्त नहीं होने के कारण ऐसे लोगों के हौसले बुलंद हैं। उनका आरोप है कि रेलवे पुलिस इन घटनाओं से अनजान नहीं हो सकती, क्योंकि रात के समय कई ट्रेनों में यह गतिविधियां लगातार देखने को मिलती हैं। यात्रियों ने डीआईजी रेलवे से मामले की निष्पक्ष जांच कर ट्रेनों में सक्रिय ऐसे गिरोहों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

## ग्राम थांवला में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

**बिलारी।** तहसील के ग्राम थांवला में रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता संगठन एनजीओ की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. मोहम्मद शायगान एवं बिलारी सिटी हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से किया गया। यह शिविर ग्राम के पूर्व प्रधान डॉ. अनीश की बैठक परिसर में आयोजित हुआ,



जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड, रक्त एवं हड्डियों से संबंधित जांचें निशुल्क की गईं। इसके साथ ही मरीजों को आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त वितरित की गईं। चिकित्सा शिविर के संचालक डॉ. शायगान ने बताया कि क्षेत्र में हृदय रोग एवं डायबिटीज से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शिविर के दौरान मरीजों की मॉनिटरिंग कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि ग्रामीण क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर नजर हुसैन, प्रमोद कुमार, रिहान मुगीज, अनस, राशिद, सलीम, नदीम (लैब टेक्नीशियन) सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## आपसी भाईचारे और मिलजुल ईदुल अजहा मनाएं: मन्सूर आलम

**कुंदरकी।** नानपुर मेटल्स मास्टर्स वरिष्ठ समाज सेवी मन्सूर



आलम ने कहा आपसी भाईचारे और मिलजुल कर ईदुल अजहा मनाएं गरीब बे सहरा लोगों का खघस ख्याल रखें और कुर्बानी की वीडियो ग्राफी न करें कुर्बानी के फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें हमारा मजहबे इस्लाम यही पैगाम देता है। एक दूसरे का खास ख्याल रखें यही मकसद असली सुन्नते इब्राहिम है।

## ईद से पहले कुंदरकी पुलिस ने गांवों में लगाई जन चौपाल, शांति और भाईचारे का दिया संदेश

**कुन्दरकी।** आगामी ईद-उल-अजहा के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से थाना कुंदरकी पुलिस ने रविवार को गांव भीकनपुर फुलवाड़ा और चक फाजलपुर में जन चौपाल का आयोजन किया। चौपाल में गांव के पूर्व व वर्तमान प्रधान, धर्मगुरु, संभ्रांत नागरिकों व आमजन ने भाग लिया। थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने ग्रामीणों को गांव को अपराध मुक्त बनाने, आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। थाना प्रभारी ने गोष्ठी में यातायात नियमों का पालन कर हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने, साइबर अपराध से बचाव और सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट शेयर न करने को लेकर जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ईद का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए। कोई नई परंपरा न डाली जाए और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अपराधियों को सख्त हिदायत दी गई कि वे अपराध छोड़ दें, वरना कड़ी कार्रवाई होगी। गोष्ठी में मौजूद सभी लोगों ने पुलिस को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और अपराध मुक्त गांव बनाने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार जनसंवाद कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

## टप्पेमार गिरोह से सावधान, लालच में आकर न गंवाएं अपना सामान

**चन्दौसी।** ट्रेनों और बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। पुलिस लगातार यात्रियों को सुरक्षित सफर करने और अनजान लोगों के झांसे में न आने की सलाह देती है, लेकिन इसके बावजूद टप्पेमार गिरोह सक्रिय होकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। यह गिरोह सस्ती यात्रा और कम किराये में गंतव्य तक पहुंचाने का लालच देकर यात्रियों का सामान और नकदी गायब कर देते हैं। चन्दौसी रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड, सीओ कार्यालय के आसपास तथा रेलवे जंक्शन क्षेत्र में ऐसे टप्पेमारों की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। पुलिस कई बार ऐसे लोगों को गिरफ्तार भी कर चुकी है, लेकिन जमानत पर छूटने के बाद यह फिर सक्रिय हो जाते हैं। गिरोह विशेष रूप से महिलाओं और बाहर से आने वाले यात्रियों को निशाना बनाता है। गिरोह के सदस्य निजी वाहन से कम किराये में यात्रा कराने का झांसा देकर पहले विश्वास जीतते हैं और फिर मौका मिलते ही सामान लेकर फरार हो जाते हैं। शनिवार शाम थाना बिसौली क्षेत्र का 18 वर्षीय युवक अंबाला जाने के लिए चन्दौसी रेलवे स्टेशन पहुंचा था। तभी टप्पेमार गिरोह के सदस्य उसके पीछे लग गए। उन्होंने युवक को इरटिगा कार से पंजाब ले जाने का लालच दिया और स्टेशन से कुछ दूरी पर ले गए। इसी दौरान गिरोह के एक सदस्य ने खुद को सहयात्री बताते हुए युवक का बैग अपने पास ले लिया। बैग में करीब 33 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन, नकदी और जरूरी कागजात रखे हुए थे। कुछ ही देर बाद दोनों आरोपी युवक को चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में न आएं और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

## मुरादाबाद के विकास कार्यों से प्रभावित हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

### संविधान साहित्य वाटिका, हनुमान वाटिका और सांस्कृतिक परियोजनाओं की जमकर सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक का महानगर मुरादाबाद आगमन अत्यंत गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहा। इस दौरान नगर निगम मुरादाबाद द्वारा विकसित देश की प्रथम संविधान साहित्य वाटिका एवं हनुमान वाटिका का भ्रमण कराया गया, जहां उप मुख्यमंत्री ने इन अभिनव एवं राष्ट्रभावना से ओतप्रोत स्थलों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। भ्रमण के दौरान माननीय उप मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस परिसर में निर्मित योग पथ, दिल्ली रोड पर विकसित भव्य म्यूरल्स, विभिन्न स्मारकों एवं भारतीय रक्षा संग्रहालय सहित नगर निगम द्वारा कराए गए जनहित एवं सांस्कृतिक विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम मुरादाबाद द्वारा नगर आयुक्त श्री दिव्यांशु पटेल (आईएएस) के नेतृत्व में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को आधार बनाकर महानगर के नवनिर्माण की जो संकल्पना



साकार की जा रही है, वह अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने नगर आयुक्त श्री दिव्यांशु पटेल को दूरदर्शी एवं ऊर्जावान अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में मुरादाबाद की तस्वीर तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा कि शहर में विकसित हो रहे नवाचार, सांस्कृतिक विरासत को समर्पित स्थलों का निर्माण तथा जनसुविधाओं के विस्तार से मुरादाबाद प्रदेश में नई पहचान स्थापित कर रहा है। सर्किट हाउस में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी नगर आयुक्त के कार्यों की करतल ध्वनि के साथ भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस दौरान नगर आयुक्त श्री दिव्यांशु पटेल की सुपुत्री के अस्वस्थ होने के कारण उनकी अनुपस्थिति पर उप मुख्यमंत्री ने आत्मीयता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दूरभाष के माध्यम से उनसे वार्ता कर उनकी सुपुत्री का कुशलक्षेम जाना तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने नगर निगम मुरादाबाद की कार्यशैली की सराहना करते हुए इसे "स्वच्छ, सांस्कृतिक एवं विकसित मुरादाबाद" की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# बिजनौर में तापमान 40 डिग्री के पार

## ट्रांसफार्मर ठंडा रखने को कूलर का सहारा, भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। तेज धूप, गर्म हवाएं और उमस के कारण दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आ रही हैं।

शनिवार को चली हल्की ठंडी हवा से लोगों को कुछ राहत मिली थी, लेकिन रविवार सुबह से ही सूरज के तेवर फिर तीखे हो गए। गर्मी से बचने के लिए लोग सिर पर कपड़ा या टोपी पहनकर बाहर निकल रहे हैं, जबकि नींबू पानी, जूस और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजों का सहारा ले रहे हैं।

भीषण गर्मी का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ते लोड और तेज तापमान के कारण ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण गर्म हो रहे हैं। ऐसे में बिजली विभाग ने निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। बिजली विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए कूलर चला रहे हैं और पाइप के जरिए पानी की बौछारें डाल रहे हैं, ताकि उपकरण ओवरहीट न हों और सप्लाई बाधित न हो। आवास विकास बिजली घर पर तैनात जेई ने बताया कि बिजनौर शहर को आवास विकास और बुखारा बिजली घर से आपूर्ति दी जाती है। दोनों बिजली घर इस समय ओवरलोडिंग की स्थिति में चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य दिनों में जहां करीब 250 अंपेयर लोड रहता था, वहीं इस समय यह बढ़कर 350 अंपेयर तक पहुंच गया है। अधिक लोड और 45 डिग्री के आसपास तापमान होने से बिजली उपकरणों का तापमान तेजी से बढ़ने लगता है।

जेई के मुताबिक पावर ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए दो स्तर पर कूलिंग की जा रही है। एक तरफ कूलर लगाकर ठंडी हवा दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर रेडियेटर पर पाइप के जरिए पानी की बौछार डाली जा रही है। उन्होंने बताया कि 5 से 7 साल पहले गर्मी के मौसम में ट्रिपिंग की समस्या ज्यादा रहती थी, लेकिन इस बार सीजन शुरू होने से पहले ही व्यवस्थाओं में सुधार कर लिया गया था, जिससे ट्रिपिंग की घटनाएं काफी कम हुई हैं।

कृषि अनुसंधान केंद्र नगीना में दर्ज तापमान के अनुसार, 21 मई: अधिकतम 41.2 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम 23.8 डिग्री, 22 मई: अधिकतम 40.6 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम 23.9 डिग्री, 23 मई: अधिकतम 39.0 डिग्री सेल्सियस, न्यूनतम 23.4 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक गर्मी और उमस से राहत मिलने के आसार कम हैं।

# एक लाख रुपये ले भागा कुत्ता

## कारोबारी थैली में बाइक पर टांगकर नमाज पढ़ने गया था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक कुत्ता दवा व्यापारी की बाइक पर टंगी एक लाख रुपए से भरी थैली मुंह में दबाकर भाग गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार कारोबारी नवाब अहमद नई बस्ती स्थित चाहशीरी में बुखारा रोड के रहने वाले हैं। इसी रोड पर जानव. रों की दवाइयों का मेडिकल स्टोर चलाते हैं। शनिवार दोपहर वह घर से 500-500 रुपए की दो गड्डियां एक काली पन्नी में रखकर बाइक से जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पैसे एक दोस्त को देने थे। 800 मीटर दूर पुरानी तहसील के पास स्थित किले वाली मस्जिद के पास पहुंचे तो जोहर की नमाज का समय हो गया था। सोचा कि नमाज पढ़कर दोस्त के पास जाता हूं। इसी जल्दबाजी में थैली बाइक पर ही टांगकर अंदर चला गया। नवाब ने बताया कि करीब 10 मिनट बाद जब बाहर लौटा और थैली नहीं देखी। यह देखकर होश उड़ गए। 4 घंटे तक आसपास मौजूद लोगों के साथ काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अधिक गर्मी और घबराहट के चलते तबीयत बिगड़ने लगी। इस वजह से घर चले गए। जब परिवार को घटना की जानकारी हुई, तो उनके बच्चे और अन्य लोग मौके पर पहुंचे। तलाश शुरू की।

उन्होंने बताया कि बच्चों की नजर मस्जिद के बाहर लगे सीसीटीवी पर पड़ी। फुटेज देखे तो कुत्ते की हरकत नजर आई। इसके बाद करीब चार घंटे तक आसपास की झाड़ियों, नालों और अन्य जगहों पर तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। बाद में थक हारकर घर वापस आ गए।

नवाब अहमद का कहना है कि शिकायत आखिर किसके खिलाफ करते, क्योंकि रुपए की थैली ले जाने वाला कोई इंसान नहीं, बल्कि एक जानवर था। ऊपर वाला चाहेगा तो पैसा वापस मिल जाएगा। राम प्रताप सिंह, शहर कोतवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पहचान छुपाकर युवती से गलत कार्य



**वांछित अभियुक्त गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** पुलिस ने पहचान छुपाकर एक युवती को शादी का झांसा देकर गलत कार्य करने के आरोप में वांछित अभियुक्त जीशान पुत्र युनूस को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार वादी ने कोतवाली देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि मौहम्मद कैफ उर्फ रितिक पुत्र मकसूद अहमद ने अपनी पहचान छुपाकर वादी की बेटी को शादी का झांसा दिया और उसके साथ गलत कार्य किया। इस कृत्य में जीशान पुत्र युनूस भी शामिल था। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात में मुकदमा अपराध संख्या 114/2026 धारा 61(2)/69 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। आज कोतवाली देहात पुलिस ने मामले में नामजद अभियुक्त जीशान पुत्र युनूस निवासी दारानगर गंज, थाना कोतवाली शहर बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। अभियुक्त जीशान का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ मुकदमा अपराध सं. 114/2026 धारा 61(2)/69 बीएनएस थाना कोतवाली देहात और मुकदमा अपराध संख्या 854/2025 धारा 115(2), 191(2), 351(2), 352 बीएनएस थाना कोतवाली शहर बिजनौर में मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विकास कुमार, उपनिरीक्षक अनिल कुमार, कांस्टेबल देशपाल सिंह, कांस्टेबल आकाश तोमर और मनीष कुमार शामिल रहे।

# बीमार नीलगाय को वन विभाग ने बचाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम सलावत नगर में भीषण गर्मी के कारण एक नीलगाय बीमार हालत में भटकती मिली। वन विभाग की टीम ने उसे प्राथमिक उपचार दिया और अब उसकी निगरानी कर रही है। बिरला फार्म क्षेत्र में सामने आई। अत्यधिक गर्मी और बीमारी के कारण नीलगाय काफी कमजोर दिख रही थी और पानी व सुरक्षित स्थान की तलाश में भटक रही थी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वन दरोगा सत्यवीर सिंह यादव और विवेक चौधरी ने नीलगाय को पानी पिलाया और प्राथमिक उपचार के तौर पर दवाइयां दीं। उपचार के बाद टीम ने नीलगाय को एक सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और उसकी निगरानी शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि भीषण गर्मी में यदि कोई वन्य जीव प्यासा या बीमार दिखे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि समय पर उसकी सहायता की जा सके।

# ईद पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**थाना परिसर में शांतिपूर्ण आयोजन पर चर्चा**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना परिसर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सीओ की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। यह पर्व 28 मई को मनाया जाएगा। बैठक में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समाज के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने उपस्थित लोगों से शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की कुर्बानी खुले स्थान पर नहीं की जाएगी।

थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क अथवा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। नमाज केवल ईदगाहों एवं मस्जिदों में ही पढ़ी जाएगी। मुफ्ती उवैस अकरम ने कहा कि सभी लोग शासन की गाइडलाइन का पूर्ण पालन करेंगे।

बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पुत्र शेख शाहनवाज खलील, राजकुमार विश्नोई, मुफ्ती ओवैस अकरम, मुफ्ती नबील, सभासद सय्यद उस्मान जैदी, ग्राम प्रधान आफताब अंसारी, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक, संबंधित अधिकारी, सभासद, ग्राम प्रधान, मौलवी व इमाम उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भाजपा की संगठनात्मक बैठक



**नगीना।** भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर नगीना विधानसभा के शक्ति केंद्र मठेरी एवं खानपुर के ग्राम मठेरी और अलहैदादपुर में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शक्ति केंद्र प्रभारी रोहित रवि की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कुमार व संचालन ओमप्रकाश सैनी ने किया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रोहित कुमार रवि ने पार्टी के डिजिटल प्लेटफॉर्म सरल ऐप के संचालन की बारीकियों को सिखाया। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में तकनीक के माध्यम से संगठन को मजबूत करना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में मौजूद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनाव में नगीना विधानसभा सीट पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने का सामूहिक संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम, शक्ति केंद्र संयोजक दिनेश कुमार और मंडल महामंत्री ओमप्रकाश सैनी मौजूद रहे। बैठक में संगठन की रीढ़ माने जाने वाले बूथ अध्यक्षों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिनमें बूथ अध्यक्ष हरपाल सिंह, मनोहर सिंह, मनीष कुमार, भोजराज, मोहित कुमार, शीशपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार, रामस्वरूप सिंह, अमूल कुमार, टेकचंद समेत कई पार्टी पदाधिकारी और देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राहगीरों को बांटा शरबत




**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम राजपुर नवादा में हाजी मास्टर फहीम फाउंडेशन के युवाओं ने भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए राहगीरों को शरबत और ठंडा पानी वितरित किया। फाउंडेशन ने छबील लगाकर मौजमपुर-मंडावली मार्ग से गुजरने वाले हजारों लोगों की प्यास बुझाई। फाउंडेशन के सदस्यों ने राजपुर नवादा गांव में आने-जाने वाले हर वाहन को रोककर मीठा शरबत पिलाया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों को भीषण गर्मी के कारण होने वाली पानी की कमी से बचाना था। फाउंडेशन के युवा सदस्य सुल्तान फहीम और अफसान खान ने बताया कि भीषण गर्मी में वाहनों में यात्रा करने वाले राहगीरों को पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, सभी सदस्यों ने मिलकर यह छबील लगाई, ताकि सड़क पर चलने वाले लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके।

### महिला को भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**नगीना।** ग्राम तुखमापुर हरवंश निवासी कुसुम पत्नी धर्मपाल ने बताया कि उनकी 28 वर्षीय पुत्रवधू काजल आठ मई 2026 को दोपहर करीब एक बजे अचानक घर से लापता हो गई थी। आरोप है कि ग्राम भोजपुर नंगला (थाना किरतपुर) निवासी रवि पुत्र कुलवीर उसे बहला-फुसलाकर और शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित परिवार के अनुसार, महिला अपने तीन मासूम बच्चों को भी घर पर ही छोड़ गई है। घटना के संबंध में नगीना थाने में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 87 के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जोगेंद्र बैसला को सौंपी गई है। पुलिस आरोपी और लापता महिला की तलाश में जुट गई है और जल्द ही दोनों को बरामद करने का दावा कर रही है।

### युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**नगीना।** मौहल्ला मुगलान निवासी नफीस अहमद पुत्र हबीब अहमद ने थाने में दी गई अपनी लिखित शिकायत में बताया कि 20 मई की सुबह करीब 10 बजे जब उन्होंने घर पर अपनी 21 वर्षीय पुत्री कहकशां की तलाश की, तो वह गायब मिली। परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास के इलाके और सभी संभावित रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 87 के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रशांत सिंह को सौंपी गई है। पुलिस टीम लापता युवती की बरामदगी और आरोपी की तलाश के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**नगीना देहात।** विमल कुमार ने नगीना देहात थाने में तहरीर दी थी कि उनकी बाइक अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 89/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। आज नगीना देहात पुलिस ने इस मामले में अरबाज पुत्र इलियास को गिरफ्तार किया। अरबाज मौहल्ला लकड़ी पड़ाव, थाना कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखंड का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद अभियोग में धारा 317 (2) बीएनएस की वृद्धि की गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अरबाज के खिलाफ नगीना देहात थाने में पहले से ही लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक नितेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल अंकित राघव, कांस्टेबल संदीप कुमार, राजू सागर और राहुल कुमार शामिल थे।

### बिजली संकट गहराया, नागरिक बेहाल

**अफजलगढ़।** नगर में पिछले कई दिनों से जारी बिजली संकट को लेकर समाजवादी पार्टी और भाजपा कार्यकर्ताओं के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के एक्सईएन विनोद कुमार गंगवार से मुलाकात की। चेयरपर्सन पति जावेद विकार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जल्द समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने एक्सईएन को बताया कि भीषण गर्मी के कारण रात भर बिजली गुल रहने से नगर की जनता को असुविधा हो रही है। घरों में पानी का संकट भी गहरा गया है, जिससे लोगों का सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। एक्सईएन विनोद कुमार गंगवार ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि मौहल्ला मुमताज हुसैन में लगे ट्रांसफार्मरों के केबिल बदले जाने हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जब तक नए केबिल नहीं लगते, तब तक दूसरे ट्रांसफार्मरों से जोड़कर बिजली आपूर्ति सुचारु रखने का प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर

### कांग्रेसियों ने की चादरपोशी



**बिजनौर।** कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष हेनरिता राजीव सिंह, अध्यक्ष उ.प्र.कांग्रेस चिकित्सा विभाग आजाद बेग, आरके सिंह पूर्व आईएएस, जावेद अंसारी उपाध्यक्ष, मिस्बाह-उल-हसन उपाध्यक्ष, हाजी नसीम उपाध्यक्ष, हाजी अहसान ब्लॉक अध्यक्ष कोतवाली, प्रदीप ठाकुर महासचिव एवं अन्य कांग्रेसजनों ने दरगाह-ए-औलिया नज्फ-ए-हिंद जोगीरामपुर पहुंचकर चादरपोशी की एवं देश व समाज की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर हेनरिता राजीव सिंह ने मानवता, आपसी भाईचारे तथा भारतवासियों की सुख-समृद्धि एवं अमन-चैन के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि देश में प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। स्वर्गीय श्रीमती ओमवती देवी को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया। क्योंकि वे इस पवित्र स्थान पर अक्सर आया करती थीं तथा यहां उनका विशेष सम्मान था। उपस्थित लोगों ने उनकी आत्मा की शांति एवं उनकी सुगम आध्यात्मिक यात्रा के लिए प्रार्थना की।

### राहगीरों को पिलाया शरबत



**नजीबाबाद।** भयंकर गर्मी और लू को देखते हुए व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान ने हरिद्वार रोड स्थित टैंपो स्टैंड पर राहगीरों व यात्रियों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। संगठन द्वारा यह कार्यक्रम आलोक अग्रवाल की दुकान पर किया गया, जहां गर्मी से बेहाल यात्रियों और स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर राहत पहुंचाई गई। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल, नगर संरक्षक अनिल गर्ग, नगर अध्यक्ष कमल बंधु, नगर महामंत्री अनुज अग्रवाल, नगर मंत्री मोहम्मद आदिल, नगर कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, इकाई अध्यक्ष अनुज अग्रवाल सहित कई व्यापारी साथियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि गर्मी को देखते हुए इस कार्यक्रम को आगे भी जारी रखा जाएगा। जल्द ही मछली बाजार एवं चौक बाजार में भी शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को गर्मी से राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान संगठन के सदस्यों ने कहा कि भीषण गर्मी में मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और संगठन आगे भी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहेगा।

### संगीता जैन ने की जनसुनवाई




**नजीबाबाद।** सदस्य, राज्य महिला आयोग उ.प्र.सरकार संगीता जैन द्वारा तहसील स्थित दुष्यंत कुमार सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएम जसजीत कौर, सीओ नजीबाबाद अंजनी चतुर्वेदी एवं तहसीलदार संतोष यादव भी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। सदस्य संगीता जैन ने कई मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कराया। अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। संगीता जैन ने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। संगीता जैन ने कहा कि महिलाओं की हर समस्या का समाधान और उनके अधिकारों का सम्मान ही महिला जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य है।

### चार को अदालत ने सुनाई सजा

**बिजनौर।** अपर सत्र एवं जिला न्यायाधीश पोक्सो एक्ट लोकेश नागर ने न्यायालय से स्टे के बावजूद खेत पर काम करने और विरोध करने पर दो को मारपीट कर घायल करने के मामले में अरविंद को पांच वर्ष की कठोर कारावास जबकि पंकज, बसंत और भूपेंद्र को दो-दो वर्ष कारावास तथा 32 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की धन राशि में से 15 हजार रुपए घायल ओमराज सिंह को और पांच हजार रुपये अमित कुमार को देने के आदेश भी दिए हैं। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पवार के अनुसार संतोष कुमारी पत्नी ओमराज सिंह निवासी ग्राम सलावा, थाना धामपुर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि उसके देवर धर्मपाल सिंह की जमीन का गांव निवासी अरविंद ने एक बैनामा अपनी पत्नी संजीता के नाम कराया था उक्त जमीन पर धर्मपाल सिंह ने न्यायालय से खड़े ले रखा है। 14 अप्रैल, 2023 को वादनी के पति ओमराज सिंह उक्त जमीन के पास गए तो देखा कि अरविंद उक्त जमीन को जोत रहे हैं। ओमराज और उसके भाई धर्मपाल सिंह ने अरविंद को खेत जोतने से मना किया तभी अरविंद ने गाली गलौज करते हुए दोनों को जान से मारने की धमकी दी और अरविंद ने अपने हाथ में लिए डंडे से ओमराज के सिर पर वार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे अमित कुमार पर भी बसंत सिंह, पंकज शर्मा और भूपेंद्र ने हमला कर मारपीट की। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश लोकेश नागर ने अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# जयशंकर की साफगोई

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रूबियो इस समय भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। ऐसा कम ही होता है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एक देश में इतनी लंबी यात्रा करे। इससे पता चलता है कि भारत-अमेरिका में रिश्ते सही दिशा की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि बीच-बीच में ऐसी खबरें आती हैं जिससे यह संशय पैदा होता है कि कहीं रिश्तों में गड़बड़ है, लेकिन रविवार को जिस तरह अमेरिकी विदेश मंत्री और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उससे साफ है कि दोनों ही देश अपने-अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर धीरे-धीरे ही सही लेकिन सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सम्मेलन में एस. जयशंकर ने खुलकर भारत के हितों की रक्षा की और कहा कि जिस तरह ट्रम्प प्रशासन अपनी नीति के दृष्टिकोण को अमेरिका फर्स्ट के रूप में बहुत स्पष्टता से सामने रखता है, तो ठीक इसी तर्ज पर भारत भी इंडिया फर्स्ट की तर्ज पर अपने दृष्टिकोण को प्रमुखता के साथ दुनिया के सामने रखता है। जयशंकर ने माना कि दोनों ही देश स्पष्ट रूप से अपने-अपने राष्ट्रीय हितों से प्रेरित हैं। जयशंकर का कहना यह बिल्कुल सही है कि जिस तरह अमेरिका, इस्राईल, ईरान और खाड़ी देशों के साथ भारत ने अच्छे संबंध बनाए हैं, ऐसा कम ही देश कर पाते हैं, लेकिन उन्होंने माना कि इन देशों में हमारे वास्तविक हित जुड़े होने से भारत के लिए चुनौती भी बनी हुई कि इन संबंधों को कैसे बनाए रखा जाए और अपनी हिस्सेदारी की रक्षा कैसे की जाए। जयशंकर ने होर्मुज स्टेट से ऊर्जा आपूर्ति में आ रही बाधा के संबंध में भी खुलकर अपने विचार रखे और कहा कि भारत चाहता है कि होर्मुज स्टेट सभी के लिए समान रूप से खुले, क्योंकि उनकी नजर में इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। वह तेल को लेकर भी काफी मुखर दिखाई दिए और भारत के रुख को सामने रखते हुए कहा कि भारत चाहता है कि गैस व तेल को लेकर वह किसी एक देश पर निर्भर न रहे, बल्कि उसके पास विभिन्न स्रोत हों। ताकि भारत के लोगों को दिक्कत न हो। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रूबियो ने भी भारत के प्रति उठाए गए अमेरिकी कदमों का पूरी तरह बचाव किया। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक्स पर अमेरिकी राजदूत व अपनी टीम की जहां तारीफ की वहीं बताया कि उनकी टीम की मेहनत के चलते भारत अगले पांच साल में 48 हजार अरब रुपये का सामान खरीदने के लिए तैयार हो गया है। जाहिर है यह बड़ी ट्रेड डील है। हालांकि उन्होंने माना कि बड़ी ट्रेड डील में अभी कुछ अड़चनें हैं, लेकिन वह जल्द ही दूर कर ली जाएंगी। रूबियो ने अमेरिका में रह रहे भारतीय लोगों की भी प्रशंसा की। अब देखना यह है कि आगे संबंध कैसे चलते हैं।

# मीडिया : हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं





तनवीर जाफरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली देशों का दौरा किया। इस दौरान नॉर्वे की एक घटना ने एक बार फिर मीडिया उसके कर्तव्य व दायित्व को लेकर बहस छेड़ दी। दरअसल ओस्लो में जब मोदी, नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर के साथ जैसे ही मंच से जाने लगे उसी समय एक युवा महिला पत्रकार हेला लिंग ने मोदी को संबोधित करते हुए कुछ सवाल पूछे। हेला लिंग ने पूछा ष्प्रधानमंत्री मोदी, आप दुनिया की सबसे स्वतंत्र प्रेस से सवाल क्यों नहीं लेते? मोदी पत्रकार के सवाल का जवाब दिए बिना ही वहां से चले गए। इस घटना के फौरन बाद भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा उसी जगह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई गई जिसमें पत्रकार हेला लिंग को भी बुलाया गया। वहां भी हेला लिंग ने भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड और प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर कई तीखे सवाल पूछे, जिस पर भारतीय अधिकारियों ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे और विकास का हवाला देते हुए अपना पक्ष रखने का प्रयास किया परन्तु नॉर्वे की इस घटना पर भारतीय गोदी मीडिया ने युवा साहसी महिला पत्रकार हेला लिंग को ही कटघरे में खड़ा कर दिया और उन्हें मीडिया के कर्तव्य व दायित्व बोध का पाठ पढ़ने लगा।

गोदी मीडिया ने महिला पत्रकार के इस तरीके को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की रणनीति करार दिया। वहीं भारत के ही स्वतंत्र, डिजिटल, वैकल्पिक, निष्पक्ष व सोशल मीडिया ने पत्रकार हेला की जमकर तारीफ की। इस वर्ग ने हेला लिंग के साहस की सराहना की और इसे सच्ची पत्रका. रिता का उदाहरण बताया तथा इस पूरी घटना को वैश्विक स्तर पर प्रेस की आजादी और लोकतंत्र में जवाबदेही से जोड़कर देखा। कुछ स्वतंत्र विचारकों और कई सोशल मीडिया पोर्टल्स ने तो इस अवसर का प्रयोग उन गोदी पत्रकारों पर तंज कसने के लिए किया जो सत्ता से सवाल पूछने के बजाए सत्ता की खुशामद में लगे रहते हैं। यही वजह है कि जो सवाल भारत के शीर्ष मुख्यधारा के पत्रकारों को पूछने चाहिए थे वही सवाल एक विदेशी पत्रकार को पूछने पड़ रहे हैं। दरअसल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने अब तक एक भी नियमित संवाददाता सम्मेलन आयोजित नहीं किया है। अपने एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं बताया था कि वे पुरानी परिपाटी जहां नेता मीडिया के माध्यम से अपनी बात प्रसारित करते थे, के बजाय सीधे जनता के बीच जाकर काम करने और नई कार्य संस्कृति स्थापित करने पर विश्वास रखते हैं। मन की बात, सार्वजनिक रैलियां, चुनावी सभाएं, सम्पादकीय पृष्ठ के अपने आलेख, किसी कार्यक्रम स्थल पर आयोजित जन सभा आदि के माध्यम से जनता से इकतरफा संवाद करना प्रधानमंत्री का पसंदीदा तरीका है। जबकि भारत के लगभग सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की यह नियमित परंपरा रही थी कि वे विदेश दौरों से लौटने, विमान में या देश में समय-समय पर खुली प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया करते थे।

सच तो यह है कि मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते मीडिया से जुड़े उनके कुछ ऐसे कटु अनुभव रहे हैं जिसके चलते वे अब पुनः साहसी पत्रकारों से रूबरू होकर पुनः अपनी वैसी फजीहत नहीं कराना चाहते। याद कीजिए अक्टूबर 2007 में जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय वरिष्ठ पत्रकार करण थापर ने सी एन एन-आई बी एन के प्रसिद्ध शो डेविल्स एडवोकेट के लिए अहमदाबाद में मोदी का इंटरव्यू लिया था। करण थापर ने मोदी से अपने पहले सवाल में ही 2002 के गुजरात दंगों को लेकर पूछा कि श्दंगों के पांच साल बाद भी उनकी छवि एक क्रूर शासक की बनी हुई है, इसे सुधारने के लिए उन्होंने क्या कियाश? जब मोदी ने कहा कि जनता उन्हें अच्छे से जानती है, तो थापर ने अगला सवाल किया कि आप यह क्यों नहीं कह देते कि आपको दंगों में मारे गए लोगों का दुख या पछतावा है? क्या सरकार को मुसलमानों की सुरक्षा के लिए और कदम नहीं उठाने चाहिए थे? इस सवाल पर मोदी पूरी तरह असहज हो गए। उन्होंने कहा कि जो मुझे कहना था, मैं उस समय कह चुका हूं। परन्तु जब थापर ने बार-बार उसी सवाल को दोहराया, तो मोदी ने इंटरव्यू आगे बढ़ाने से मना कर दिया। 3- 4 मिनट के भीतर ही मोदी ने पानी पीने का बहाना कर अपने कुर्ते पर लगा माइक निकाला और उसे टेबल पर रख दिया। फिर उन्होंने बहुत ही शालीनता से थापर से कहाकृष्दोस्ती बनी रहे। आप यहां आए, इसके लिए धन्यवाद।ष इसके बाद वे कैमरे के सामने से उठकर चले गए।

ऐसी ही दूसरी घटना वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान की है। उस समय वरिष्ठ पत्रकार विजय त्रिवेदी एन डी टी वी के लिए चक्रव्यूह नामक एक शो करते थे। उन्होंने मोदी का इंटरव्यू चुनावी रैली पर जाते समय हेलीकॉप्टर यात्रा के दौरान लिया। त्रिवेदी ने भी मोदी से पूछा कि क्या गुजरात दंगों के लिए भाजपा या उन्हें मोदी को माफी मांगनी चाहिए? मोदी ने इस पर कहा कि वे इस विषय पर कई इंटरव्यू में पहले ही बोल चुके हैं। लेकिन जब त्रिवेदी ने लगातार इस सवाल पर दबाव बनाया, तो मोदी का मूड बदल गया। बाद मोदी ने गुस्से में आकर सवालों के जवाब देना पूरी तरह बंद कर दिया और चुप हो गए। मोदी ने अपना ही हाथ आगे बढ़ाकर कैमरे के लेंस को बंद करवा दिया। इसके बाद का पूरा सफर दोनों ने बिना एक-दूसरे से बात किए और खिड़की से बाहर देखते हुए बिताया।

हेलीकॉप्टर के उतरते ही मोदी ने विजय त्रिवेदी से कहा विजय भाई, यह हमारी आखिरी मुलाकात है। इसके बाद मोदी अपनी जनसभा को संबोधित करने चले गए। जबकि विजय त्रिवेदी और उनकी टीम को हेलीकॉप्टर से नीचे उतार दिया गया। बाद में त्रिवेदी को संदेश मिला कि मोदी हेलीकॉप्टर लेकर वापस जा चुके हैं। त्रिवेदी और उनकी टीम को वापस लौटने के लिए वहां कोई गाड़ी नहीं मिली, जिसके बाद उन्हें एक ट्रैक्टर और फिर लोकल बस के द्वारा करीब 8 घंटे की यात्रा कर अपने गंतव्य तक वापस लौटना पड़ा था। यह घटनाएं इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी हैं कि मोदी स्वतंत्र व निष्पक्ष मीडिया से संवाद क्यों नहीं करते। वे वास्तविक व निष्पक्ष पत्रकारों के इस सिद्धांत को बखूबी जानते हैं कि श्न स्याही के हैं दुश्मन न सफेदी के हैं दोस्त। हमको आईना दिखाना है दिखा देते हैं।

## श्रीमुख से...

### सड़कों पर सोने को मजबूर हैं लोग



उप्र के सभी 75 जिलों में बिजली कटौती से विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है, जनता तकलीफें झेलने को मजबूर है, देश के 50 सबसे गर्म शहरों में से 26 शहर उत्तर प्रदेश के हैं, लेकिन भीषण गर्मी के बीच लोगों को 24 घंटे में केवल सात-आठ घंटे ही बिजली मिल पा रही है, मेरठ से लेकर बलिया तक लोग बिजली संकट से परेशान हैं और कई जगहों पर लोग रात में घरों से निकलकर सड़कों पर सोने को मजबूर हैं, राजधानी लखनऊ तक में घंटों बिजली गुल रहने से अस्पतालों की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, एक्स-रे और स्कैन जैसी सुविधाएं ठप पड़ गई हैं, कानपुर देहात के मेडिकल कॉलेज के छात्रों को देर रात तक बिजली नहीं मिलने के कारण धरने पर बैठना पड़ा।

**-सुप्रिया श्रीनेत, चेयरमैन, कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग**

# देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की नई उड़ान



मौ. फहीम तन्हा

आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और जीवाश्म ईंधनों की सीमित उपलब्धता जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रही है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। महानगरों में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन हैं। ऐसे समय में इलेक्ट्रिक वाहन एक स्वच्छ, टिकाऊ और भविष्य उन्मुख विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। भारत सरकार भी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं और नीतियां लागू कर रही है। आने वाले वर्षों में ई।वी। केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों से दूरगामी सोच के तहत अपील की है।

इलेक्ट्रिक वाहन ऐसे वाहन होते हैं जो पेट्रोल या डीजल के बजाय बिजली से चार्ज होने वाली बैटरियों का उपयोग करते हैं। इनसे कार्बन उत्सर्जन कम होता है और पर्यावरण को अपेक्षाकृत कम नुकसान पहुंचता है। वर्तमान समय में दुनिया के कई विकसित देशों ने इलेक्ट्रिकल व्हीकल को अपनाने की दिशा में तेजी से काम शुरू कर दिया है। भारत में भी इलेक्ट्रिक दोपहिया, कार, बस और ऑटो रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार है। ऐसे में यदि देश बड़े स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाता है, तो इससे प्रदूषण में भारी कमी लाई जा सकती है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और देहरादून जैसे शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण ने सरकार को वैकल्पिक परिवहन साधनों की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया है। ई।वी। से ध्वनि प्रदूषण भी नहीं होता है, क्योंकि इनके इंजन अपेक्षाकृत शांत होते हैं। भारत सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। कई राज्य सरकारें रोड टैक्स में छूट, रजिस्ट्रेशन शुल्क में राहत और चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं। सरकार का उद्देश्य है कि आने वाले वर्षों में सार्वजनिक परिवहन और निजी वाहनों में म्ट की हिस्सेदारी तेजी से बढ़े।



हालांकि ईवी के क्षेत्र में भारत को अभी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। ग्रामीण और छोटे शहरों में चार्जिंग स्टेशन अभी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा ईवी की शुरुआती कीमत पारंपरिक वाहनों की तुलना में अधिक होती है, जिससे मध्यम वर्ग के लोगों के लिए इन्हें खरीदना कठिन हो जाता है। बैटरी निर्माण के लिए आवश्यक लिथियम और अन्य खनिजों के आयात पर निर्भरता भी एक बड़ी चुनौती है। फिर भी भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कई भारतीय और विदेशी कंपनियां इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण में निवेश कर रही हैं। टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और ओला इलेक्ट्रिक जैसी कंपनियां नए इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में ला रही हैं। साथ ही बैटरी तकनीक में सुधार और फास्ट चार्जिंग तकनीक के विकास से ई।वी। पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक बनते जा रहे हैं।

भविष्य की दृष्टि से देखा जाए तो इलेक्ट्रिक वाहन भारत की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। इससे पेट्रोलियम आयात पर निर्भरता कम होगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

यदि सरकार, उद्योग और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में प्रयास करें, तो भारत आने वाले समय में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का वैश्विक केंद्र बन सकता है। अंततः कहा जा सकता है कि इलेक्ट्रिक वाहन केवल तकनीकी परिवर्तन नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। भारत ने इस दिशा में सकारात्मक शुरुआत की है, लेकिन सफलता के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, जन जागरूकता और निरंतर नीति समर्थन आवश्यक होगा। इलेक्ट्रिकल व्हीकल का भविष्य उज्ज्वल है और यह भविष्य धीरे-धीरे वर्तमान बनता जा रहा है।

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# जारी भीषण गर्मी में पारम्परिक उपाय ही प्रभावी



विनीत नारायण

पिछले कुछ समय से, मौसम वैज्ञानिकों के हवाले से, ए खबर आ रही है कि इस साल भीषण गर्मी पड़ने वाली है। इस खबर से सबसे ज्यादा चिंता कृषि वैज्ञानिकों और किसानों को है। ऐसी भविष्यवाणियां की जा रही हैं कि इस साल भी गर्मी विकराल रूप ले लेगी। जिससे सूखे जैसे हालत पैदा हो सकते हैं। खघ्रीब की फसल पर तो इसका बुरा असर पड़ेगा ही पर रवि की उपज पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमरीका और ईरान युद्ध के चलते पहले ही ऊर्जा संसाधनों पर महंगाई का असर दिखने लगा है और यदि गर्मी ने भी अपना असर दिखाया तो हालत बेकाबू हो सकते हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बढ़ती गर्मी के कारण गेहूं का उत्पादन काफी कम रहेगा। इसके साथ ही फल और सब्जियों के उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नतीजतन खाद्य पदार्थों के दामों में काफी बढ़ौतरी कि संभावना है। कितना असर होगा ए आने वाले समय पर ही पता चल पाएगा दरअसल गर्मी बढ़ने का एक प्रमुख कारण सर्दियों में होने वाली बारिश का लगातार कम होते जाना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दिसंबर, जनवरी और फरवरी में औसत तापमान से एक या दो डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया है। इतना सा तापमान बढ़ने से बारिश की मात्रा घट गई है।

यह तो रही कृषि उत्पादनों की बात, लेकिन अगर शहरी जीवन को देखें तो ए समस्या और भी बड़ा विकराल रूप धारण करने जा रही है। हमारा अनुभव है कि गर्मियों में जब ताल-तलैए सूख जाते हैं और नदियों में भी जल की आवक घट जाती है तो सिंचाई के अलावा सामान्य जन-जीवन में भी पानी का संकट गहरा जाता है। नगर पालिकाएं आवश्यकता के अनुरूप जल की आपूर्ति नहीं कर पाती। इसलिए निर्बल वर्ग की बस्तियों में अक्सर सार्वजनिक नलों पर संग्राम छिड़ते हुए देखे जाते हैं। नलों में पानी बहुत कम देर के लिए आता है। मध्यम वर्गीय परिवारों को भी अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पानी एकत्र करने के लिए काफी मशक्कघ्त करनी पड़ती है। राजनेताओं, अधिकारियों और संपन्न लोगों को इन विपरीत परिस्थितियों में भी जल संकट का सामना नहीं करना पड़ता। क्योंकि ए लोग आवश्यकता से कई गुना ज्यादा जल जमा कर लेते हैं। असली मार तो आम लोगों पर पड़ती है।

भीषण गर्मी पड़ने के साथ लोग कूलर या एयर कंडीशनर की तरफ भागते हैं। इससे जल और विद्युत दोनों का संकट बढ़ जाता है। हाइड्रो पावर प्लांट में जल आपूर्ति की मात्रा घटने से विद्युत उत्पादन गिरने लगता है। जैसे-जैसे समाज पारंपरिक तरीकघें को छोड़ कर बिजली से चलने वाले उपकरणों की तरफ बढ़ रहा है वैसे-वैसे वातावरण और भी गर्म होता जा रहा है। एयर कंडीशनरों से निकलने वाली गर्म हवा भी वातावरण को प्रदूषित करने और गर्मी बढ़ाने का काम कर रही है। 1974-76 के बीच मैं एक स्वयंसेवक के रूप में मुरादाबाद के निकट अमरपुरकाशी गांव में समाज सेवा की भावना से काफी समय तक रहा।

इस दौरान हर मौसम में गांव के जीवन को जिया। मुझे याद है कि मई जून की तपती गर्मी और लू के बावजूद हम सब स्वयंसेवक दोपहर में खुले दालान पर नीम के पेड़ की छाया में सोया करते थे। तब वो छाया ही काफी ठण्डी लगती थी। गर्म लू जब पसीना सुखाती थी तो शरीर में ठंडक महसूस होती थी। इसी तरह रात में छत पर पानी छिड़क कर सब सो जाते थे। रात के ग्यारह-बारह बजे तक तो गर्म हवा चलती थी, फिर धरती की तपिश खत्म होने के बाद ठण्डी हवा चलने लगती थी। सूर्योदय के समय की बयार तो इतनी स्फूर्तिदायक होती थी कि पूरा शरीर नई ऊर्जा से संचा. लित होता था। वहां न तो फ्रिज का ठण्डा पानी था, न कोई और इंतजाम। लेकिन हैंडपम्प का पानी या मिट्टी के घड़े का पानी शीतलता के साथ सौंधापन लिए शरीर के लिए भी गुणकारी होता था। जबकि आज आरओ के पानी ने हम सबको बीमार बना दिया है। क्योंकि आरओ की मशीन जल के सभी प्राकृतिक गुणों को नष्ट कर देती है। कुएं से एक डोल पानी खींच कर सिर पर उड़ेलते ही सारे बदन में फुरफुरी आ जाती थी। जिस से दिन भर के श्रमदान की सारी थकावट क्षणों में काफूर हो जाती थी।

आजकल हर व्यक्ति, चाहे उसकी हैसियत हो या न हो शरीर को कृत्रिम तरीकघे से ठण्डा रखने के उपकरणों को खघ्रीदने की चाहत रखता है। हम सब इसके शिकार बन चुके हैं और इसका खघमियाजा मौसम के बदले मिजास और बढ़ती गर्मी को झेल कर भुगत रहे हैं। इस आधुनिक दिनचर्या का बहुत बुरा प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ रहा है। हर शहर में लगातार बढ़ते अस्पताल और दवा की दुकानें इस बात का प्रमाण हैं कि सुजलाम् सुफलाम मलयजशीतलाम शस्यश्यामलाम वाले देश के हम सब नागरिक बीमा. रियों से घिरते जा रहे हैं। न तो हमें अपने भविष्य की चिंता है, न ही सरकारों को। समस्याएं दिन प्रतिदिन सुलझने के बजाए उलझती जा रही हैं। दूसरी तरफ हर पर्यावरणविद् मानता है कि पारंपरिक जलाशयों को सुधार कर उनकी जल संचय क्षमता को बढ़ा कर और सघन वृक्षावली तैयार करके मौसम के मिजाज को कुछ हद तक बदला भी जा सकता है। प्रधान मंत्री मोदी का जल शक्ति अभियान और बरसों से चले आ रहे वृक्षारा. ेपण के सरकारी अभियान अगर ईमानदारी से चलाए जाते तो देश के पर्यावरण की हालत आज इतनी दयनीय न होती। सभी जानते हैं कि सरकार द्वारा जहां एक ओर तो वृक्षारोपण व तालाब खोदने को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं जमीनी स्तर पर कथनी और करनी में काफी अंतर है।

मिसाल के तौर पर जालौन क्षेत्र में 400 छोटे बांध बनाए गए थे। इनमें से आधे से ज्यादा तबाह हो चुके हैं। ललितपुर जिले में जल संरक्षण के लिए तीन करोड़ रूपए से चल रहा काम निरर्थक हो चुका है। इसी इलाके में बादहा और रसिन बांध के नाम पर करोड़ों रूपए खर्च हुए, लेकिन इनका भी नतीजा शून्य ही रहा। इसलिए यदि हम पारंपरिक तरीकों पर ध्यान नहीं देंगे तो ऐसे संकट आते रहेंगे।



पाकिस्तान। क्वेटा में बम विस्फोट स्थल पर रेलवे ट्रैक पर पलटी हुई ट्रेन के डिब्बे से घायल व्यक्ति को बाहर निकालते पुलिस अधिकारी और स्वयंसेवक।

## खालिस्तानी गतिविधियों ने सिख समुदाय की छवि को पहुंचाया नुकसान

**ओटावा।** खालिस्तानी गतिविधियों ने पिछले कुछ वर्षों में दुनिया भर में सिख समुदाय की अच्छी छवि को काफी नुकसान पहुंचाया है। एक नई रिपोर्ट में बताया गया कि, विदेशों में होने वाले हिंसक प्रदर्शनों, भारत विरा. धी नारों और धार्मिक स्थलों के बाहर उग्र विरोध ने पूरी दुनिया में विवाद पैदा किया है। कट्टरपंथी तत्वों ने अलगाववादी अभियानों के जरिए माहौल खराब किया है। खालसा वाक्सश की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल के वर्षों में कनाडा, ब्रिटेन, अमेरिका और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं। इन देशों में खालिस्तान समर्थक समूह लोकतांत्रिक आजादी का बहाना बनाकर कट्टरपंथ और उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

## जापान में बच्चों के साझा संरक्षण का अधिकारों से बदलाव की उम्मीद

**टोक्यो।** दशकों से जापान में तलाक का मतलब अक्सर यह होता था कि बच्चा अपने माता-पिता में से किसी एक का सानिध्य प्राप्त करने से पूरी तरह वंचित रह जाता था। ऐसे मामलों में, अक्सर बच्चों का संरक्षण उस माता या पिता को मिलता था जो अपने बच्चों के साथ सबसे पहले घर का त्याग कर देते थे। यह जानकारी बीबीसी से प्राप्त हुई। जापान में पुरानी एकल संरक्षण प्रणाली के अंतर्गत, अलगाव के बाद केवल एक ही अभिभावक के पास कानूनी अधिकार होता था। इसका मतलब यह था कि बच्चों के साथ उनके रिश्ते चाहे जैसे भी हों लेकिन दूसरे अभिभावक को बच्चे के जीवन से अलग होने के लिए मजबूर किया जा सकता था जब तक कि संरक्षण प्राप्त करने वाला अभिभावक उन्हें बच्चे से मिलने की अनुमति न दे दे।

# अमेरिकी वीजा नीति केवल भारत नहीं, दुनियाभर के लिए

## पाक से अमेरिका के संबंधों को भारत की कीमत पर नहीं देखा जाना चाहिए: मार्को रुबियो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ट्रम्प सरकार की नई वीजा नीति का बचाव करते हुए कहा है कि अमे. रिका में आव्रजन नीति सुधार और आधुनिकीकरण के दौर से गुजर रही है और यह केवल भारतीयों के लिए नहीं बल्कि दुनिया भर के लिए है।

इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। पाकिस्तान सरकार और वहां की सेना के साथ अमेरिकी संबंधों पर उन्होंने साफ कहा कि इन्हें भारत के साथ संबंधों की कीमत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्णाी के सवाल को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने कहा कि हर देश में कुछ वाहियात लोग होते हैं। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के साथ रविवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संवाददाता

**■ अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्णाी के सवाल को गंभीरता से लेते हुए रुबियों ने कहा: हर देश में कुछ वाहियात लोग होते हैं**



सम्मेलन में अमेरिका में वीजा प्रणाली में बदलावों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका में आव्रजन प्रणाली में सुधार या आधुनिक. ीकरण किया जा रहा है और इसे केवल भारत के संदर्भ में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि यह पूरी दुनिया के लिए है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दो करोड़ से अधिक लोग अमेरिका में अवैध रूप से घुस चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी चुनौती है और हमें इससे निपटना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमेशा से दूसरे देशों के लोगों का स्वागत किया है लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए इस प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है और यही किया जा रहा है। इस सुधार प्रक्रिया में हम यह तय करने में जुटे हैं कि कितने लोग हमारे देश में आएंगे, कौन आएगा, कब आएगा आदि। विदेश मंत्री ने कहा कि इस तरह के सुधारों का विरोध अक्सर होता है, लेकिन यह व्यवस्था केवल भारत को निशाना बनाकर नहीं बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य एक बेहतर प्रणाली, अधिक प्रभावी प्रणाली और ऐसी व्यवस्था होगी, जो पहले की तुलना में अधिक अच्छी तरह काम करेगी और अधिक टिकाऊ भी होगी। उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसके साथ साथ भारतीय कंपनियों द्वारा भी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 20 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि यह निवेश और बढ़े। अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी किए जाने के मामलों से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और मेरा मानना है कि ये टिप्पणी ऑनलाइन या किसी भी जगह पर की गई ये कुछ वाहियात लोगों द्वारा की गई हैं और इस तरह के लोग हर जगह रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेत्री सान्या ठाकुर बनीं राधा रानी

**कान्स।** कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 के ग्लैमरस माहौल के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या ठाकुर ने अपने बेहद खास और आध्यात्मिक अंदाज से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सुपर 30 और स्पाई जैसी फिल्मों में अपनी अभिनय प्रतिभा दिखा चुकी सान्या ठाकुर ने इस बार प्रतिष्ठित इंटरनेशनल रेड कार्पेट पर राधा रानी का दिव्य स्वरूप धारण कर सनातन संस्कृति का वैश्विक प्रतिनिधित्व किया।

### अमेरिका-कैलिफोर्निया में डिज्नीलैंड के पास केमिकल टैंक लीक

कैलिफोर्निया। अमेरिका के कैलिफोर्निया में केमिकल टैंक लीक हो गया। डिज्नीलैंड थीम पार्क से एक किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित एयरोस्पेस फैक्ट्री में रखा केमिकल टैंक शुक्रवार को ओवरहीट हो गया। इसके बाद आसपास के करीब 40 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं और राहत शिविर खोले गए हैं, जो कि अब भर चुके हैं। कैलिफोर्निया के आरेंज काउंटी स्थित गार्डन ग्रोव शहर की है। यहां जीकेएन एयरोस्पेस नाम की कंपनी में मिथाइल मेथाक्रिलेट नाम का रसायन रखने वाला प्रेशराइज्ड टैंक गर्म हो गया और उससे जहरीली गैस निकलने लगी।

### ट्रम्प ने नए ट्रुथ सोशल पोस्ट से चौंकाया

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने नए सोशल मीडिया पोस्ट से सबको चौंका दिया है। ट्रुथ सोशल पर साझा इस पोस्ट में ट्रम्प ने स्पैनिश मूल के शब्द-एडियोस का इस्तेमाल किया है। एडियोस शब्द का शाब्दिक अर्थ 'अलविदा' है। शब्दकोष के अर्थ के मुताबिक अंग्रेजी भाषा में कपवे को कभी-कभी अनौपचारिक और सहज तरीके से अलविदा कहने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, स्पैनिश में इस शब्द का इस्तेमाल विदाई के भाव या कम समय या अस्थायी विदाई से जुड़ी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

# ईरान का अमेरिका को यूरेनियम सौंपने से इन्कार

## कहा: मौजूदा शुरुआती समझौते में परमाणु मुद्दा शामिल ही नहीं

**तेहरान।** ईरान ने साफ कर दिया है कि वह अपना हाईली एनरिच्ड यूरेनियम भंडार अमेरिका को नहीं सौंपेगा। रायटर्स के मुता. बिक, एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा है कि मौजूदा शुरुआती समझौते में परमाणु मुद्दा शामिल ही नहीं है। सूत्र के मुताबिक, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम भंडार पर बातचीत बाद में अंतिम समझौते के दौरान होगी। फिलहाल ऐसा कोई फैसला नहीं हुआ है कि यूरेनियम देश से बाहर भेजा जाएगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कल कहा था कि अमेरिका ईरान को हाईली एनरिच्ड यूरेनियम रखने नहीं देगा।

उन्होंने कहा था कि हम उसे हासिल करेंगे, इसे ईरान को नहीं रखने देंगे। हाल के दिनों में कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ईरान अपना यूरेनियम भंडार छोड़ने को तैयार हो गया है। हालांकि अब ईरानी पक्ष ने इन खबरों को खारिज कर दिया है। ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने आसिम मुनीर से मुलाकात में कहा कि अमे. रिका ईमानदारी नहीं दिखा रहा, ईरान अपने अधिकारों पर समझौता नहीं करेगा। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजरायल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा। एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने रायटर्स से कहा है कि तेहरान ने अपने एनरिच्ड यूरेनियम को सौंपने पर सहमति नहीं दी है। अधिकारी के



**■ ट्रम्प सरकार ने ईरान वार्ता में इजरायल की भूमिका सीमित कर दी, जिससे प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बड़ा राजनीतिक झटका लगा**

मुताबिक ईरान का परमाणु कार्यक्रम अभी अमेरिका के साथ शुरुआती समझौते का हिस्सा नहीं है। उन्होंने कहा कि परमाणु मुद्दे पर अंतिम समझौते के लिए आगे बातचीत होगी, इसलिए यह मौजूदा डील में शामिल नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब न्यूयार्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा किया था कि ईरान यूरेनियम छोड़ने पर सहमत हो गया है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया था कि इसे कैसे और किस प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा, इसका फैसला बाद की बातचीत में किया जाएगा। वहीं एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक मसौदा समझौते में ईरान ने परमाणु हथियार नहीं बनाने का वादा किया है। साथ ही यूरेनियम प्रोग्राम को रोकने और एनरिच्ड यूरेनियम को हटाने पर बातचीत करने की बात भी शामिल है। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच तैयार हो रहे समझौते के मसौदे में कहा गया है कि यूएस और इजरायल ईरान या उसके समर्थक समूहों पर हमला नहीं करेंगे। इसके बदले ईरान भी यूएसऔर इजरायल पर पहले हमला नहीं करने का वादा करेगा। वहीं एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक इस समझौते में यह भी साफ किया गया है कि इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच चल रहा संघर्ष खत्म किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर हिजबुल्लाह फिर से हमला करता है या हमले की शुरुआत करता है, तो इजरायल को जवाबी कार्रवाई करने की अनुमति होगी।

### ईरान ने अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर कोई वादा नहीं किया: ईरानी मीडिया

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ युद्धविराम समझौते में अपने परमाणु कार्यक्रम या संवर्धित यूरेनियम सौंपने को लेकर किसी भी नए वादे से साफ इनकार किया है। ईरानी मीडिया ने अमे. रिकी दावों को खारिज करते हुए कहा है कि परमाणु मुद्दा वर्तमान शांति वार्ता का हिस्सा नहीं है। ईरान की न्यूज एजेंसी तस्नीम अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते की विस्तृत रिपोर्ट पेश कर रही है। इसका कहना है कि ईरान ने प्रस्ताव मसौदे में अपनी परमाणु सामग्री सौंपने का कोई वादा नहीं किया है, भले ही पश्चिमी मीडिया इसके उलट दावा कर रही हों। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़ी न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट है कि परमाणु मुद्दे पर बातचीत 'युद्ध के संभावित अंत के बाद' तक के लिए टाल दी गई है। इसका कहना है कि मौजूदा मसौदा सिर्फ युद्ध खत्म करने के मुद्दे तक ही सीमित है और इसमें ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी कोई बात शामिल नहीं हैं।

## स्टारमर ने अमेरिका-ईरान की बातचीत का किया स्वागत

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अमेरिका और ईरान के बीच हुई सार्थक बातचीत का स्वागत करते हुए यह चेतावनी भी दी है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दिया जाना भी काफी अहम है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में प्रगति हुई है और उन्हें उम्मीद है कि इस मामले का कूटनीतिक रूप से जल्द समाधान हो जाएगा।

**■ हॉर्मुज फिर से खोलने के लिए समझौते का किया आह्वान**

स्टारमर ने एक्स पर कहा कि हमें एक ऐसे समझौते की जरूरत है, जो इस संघर्ष को समाप्त करे और बिना किसी शर्त तथा बिना किसी प्रतिबंध के जहाजों की आवाजाही के साथ हॉर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोले। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिटिश सरकार युद्ध के प्रभाव से अपने नागरिकों की रक्षा के लिए वह सब कुछ करेगी, जो हम कर सकते हैं।

## 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में बिग बॉस 17 फेम सोनिया बंसल का शानदार डेब्यू

**कान्स।** बिग बॉस 17 से लोकप्रियता हासिल करने वाली अभिनेत्री सोनिया बंसल ने 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करते हुए रेड कार्पेट पर एक खास और सांस्कृतिक रूप से प्रेरित अंदाज में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। अपनी आगामी पर्यावरण आधारित फिल्म द लास्ट ब्रेथ का प्रतिनिधित्व करते हुए सोनिया ने इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक सौंदर्य को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया। उनका यह लुक सिर्फ फैशन स्टेटमेंट नहीं बल्कि भारतीय परंपरा और भावनाओं का प्रतीक भी नजर आया। अपने डेब्यू लुक के लिए अभिनेत्री ने मशहूर डिजाइनर डॉली जे द्वारा तैयार किया गया खास आउटफिट पहना। पेस्टल पिंक रंग के इस लहंगा-साड़ी फ्यूजन आउटफिट पर सफेद फूलों की बारीक कढ़ाई और गोल्ड डिटेलिंग की गई थी। सिर पर बेहद खूबसूरती से ओढ़ा गया शीयर दुपट्टा उनके पूरे लुक को राधा रानी की दिव्य छवि से प्रेरित बनाता दिखा।

## ईरान से संभावित समझौते पर लेबनान-ईरान में अस्थिरता का खतरा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रविवार को ईरान के साथ संभावित समझौते को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ कोई भी ऐसा समझौता, जो उसे समय के साथ मजबूत होने की अनुमति देता है तो इसका असर लेबनान और इराक में अस्थिरता बढ़ाने के रूप में सामने आ सकता है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह समझौता होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव को और गंभीर बना सकता है। ग्राहम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि अगर पश्चिम एशिया के इलाके में यह संदेश जाता है कि समझौते से ईरान को लंबे समय तक ताकत हासिल होगी, तो इससे लेबनान में हिज्बुल्ला और इराक में शिया उग्रवादी समूहों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा

**■ होर्मुज में भी बढ़ेगा तनाव: अमेरिकी सांसद सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दी चेतावनी**

समझौता क्षेत्रीय संघर्षों को और भड़का सकता है। अमेरिकी सांसद ने यह भी कहा कि अगर किसी समझौते का आधार यह धारणा बनती है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरानी खतरे से सुरक्षित नहीं रखा जा सकता और ईरान खाड़ी क्षेत्र के तेल ढांचे को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है, तो इससे तेहरान को क्षेत्र में प्रभावशाली शक्ति के रूप में देखा जाएगा। ग्राहम के मुताबिक, अगर ईरान को लंबे समय तक जलडमरूमध्य में दबाव बनाने और खाड़ी देशों के तेल प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने में सक्षम माना जाता है, तो इससे पश्चिम एशिया में शक्ति संतुलन बदल सकता है।

# व्हाइट हाउस में गोलीबारी, जवाबी कार्रवाई में हमलावर की मौत

## गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के निकट रविवार को एक सुरक्षा जांच चौकी की ओर बढ़कर गोल. ीबारी करने वाले एक व्यक्ति को सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता के अनुसार शनिवार शाम करीब छह बजे एक व्यक्ति व्हाइट हाउस परिसर के बाहर स्थित सुरक्षा जांच चौकी के पास पहुंचा और अधिकारियों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाकर्मियों ने भी गोली चलाई, जिसमें संदिग्ध



**■ यह घटना भविष्य के राष्ट्रपतियों के लिए वॉशिंगटन में और अधिक सुरक्षित एवं संरक्षित परिसर की आवश्यकता को दर्शाती है: ट्रम्प**

घायल हो गया। बाद में अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई। प्रवक्ता ने बताया कि गोलीबारी के दौरान एक राहगीर भी गोली लगने से घायल हो गया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे संदिग्ध की गोली लगी या जवाबी गोलीबारी के दौरान वह घायल हुआ। घटना में सीक्रेट सर्विस का कोई भी अधिकारी घायल नहीं हुआ। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प उस समय व्हाइट हाउस में मौजूद थे और सुरक्षित रहे। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति को घटना की जानकारी दे दी गई है। कानून विभाग के अधिकारियों के अनुसार घायल राहगीर की हालत गंभीर बनी हुई है।




श्रद्धांजलि/तीजा

सदुःख सूच्य है, कि देवाधिदेव भगवान शिव ने हमारी परम पूज्या माताजी श्रीमती कमला देवी शर्मा पत्नी स्व. श्री रामसरन लाल शर्मा को 23 मई 2026 को इस लोक से मुक्त कर स्वलोक में स्थान प्रदान किया है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम/तीजा 25 मई 2026 (सोमवार) को अपराह्न 2 बजे होगा। स्थान- श्री सनातन धर्म मंदिर (पंजाबी मंदिर) कोट पूर्वी, संभल।

स्व. श्रीमती कमला देवी शर्मा

शोकाकुल परिवार

अजय कुमार शर्मा-सुमन शर्मा (पुत्र-पुत्रवधु)
रितिक शर्मा-निधि शर्मा (पौत्र-पौत्रवधु)
आदित्य (पौत्र)
श्रीमती मिथलेस शर्मा (पुत्री)
श्रीमती सर्वेश शर्मा-जगदीश सरन शर्मा (पुत्री-दामाद)
श्रीमती प्रवेश शर्मा-मक्खन लाल शर्मा (पुत्री-दामाद)

एवं समस्त शर्मा परिवार

निवास :- दुर्गा कालोनी, संभल, 9758198810

प्रतिष्ठान : शर्मा मेडिकोज, तिरंगा मार्केट, संभल, ज्ञान दीप मंदिर, दुर्गा कालोनी, संभल



NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY

स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से

डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा ।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा


साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004


# रूस का यूक्रेन पर ओरेश्निक मिसाइल से हमला

## चार मरे, मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम, जेलेंस्की बोले: रूसी पाग हो चुके हैं

**कीव।** रूस ने रविवार को यूक्रेन पर कई मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया जिसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और कई दर्जन लोग घायल हैं। हमलों का निशाना यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के इलाके थे। रूस ने कहा कि यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया।

रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक हमलेमें ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसा. इल का भी इस्तेमाल हुआ। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर जानबूझकर नागरिक इलाकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि रूसी हमलों में पानी सप्लाई करने वाली एक फैसिलिटी को नुकसान पहुंचा, एक बाजार जल गया और कई घरों व स्कूलों पर हमला



**■ यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया: रूस**

हुआ। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के तरफ से दागी ओरेश्निक मिसाइल बिला त्सेरक्वा शहर के पास गिरी। उन्होंने कहा कि वे सचमुच पागल हो चुके हैं। जरूरी है कि रूस को इसकी सजा मिले। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि मिसाइल में डमी वारहेड लगाया गया था। अमेरिका ओरेश्निक को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल मानता है। यह मिसाइल पारंपरिक या परमाणु वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी रफ्तार और उड़ान का तरीका ऐसा है कि यूक्रेन के मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे रोकना लगभग नामुमकिन माना जाता है। रूस ने अब तक सिर्फ तीसरी बार इस मिसाइल का इस्तेमाल किया है। रूस ने ओरेशनिक मिसाइल का पहली बार इस्तेमाल 21 नवम्बर 2024 को किया था। उस समय इस मिसाइल से यूक्रेन के द्नीप्रो शहर में स्थित पिवदेनमाश एयरोस्पेस प्लांट पर हमला किया गया था। उस वक्त शुरुआत में यूक्रेन को लगा था कि रूस ने इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, लेकिन बाद में पता चला कि वह ओरेशनिक मिसाइल थी।




यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108